तापमान
अधिकतम 27.6 डिग्री
न्यूनतम 13.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026


नए साल के दूसरे दिन शुक्रवार को भी कानन पेण्डारी जू में भीड़ रही



**खबर संक्षेप**

## टिटलागढ़ पैसैंजर आज से 6 तक रद्द

**बिलासपुर।** बिलासपुर से टिटलागढ़ जाने वाली और टिटलागढ़ से बिलासपुर आने वाली पैसेंजर को ईस्ट कोष्ट रेलवे ने 3 जनवरी से 6 जनवरी तक निरस्त कर दिया है। ईस्ट कोष्ट रेलवे के अनुसार सम्बलपुर मंडल के सम्बलपुर-सरला स्टेशनों के मध्य स्टील गर्डर लांचिंग करने ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक के फलस्वरूप 3 से 5 जनवरी तक बिलासपुर से चलने वाली 58214 बिलासपुर - टिटलागढ़ पैसेंजर तथा 4 जनवरी से 6 तक टिटलागढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी।

# बिलासपुर जिले में एमएसपी पर नहीं खरीदा जाएगा चना, मसूर व सरसों

**प्रदेश के 22 जिलों में होगी खरीदी**

**किसानों को विकल्प मिलने पर गर्मी में धान लेने का खत्म होगा मोह, रबी फसलों की होनी है खरीदी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

रबी फसल के रूप में चना, मसूर व सरसों का उत्पादन करने वाले किसानों को सरकार बड़ी राहत देने जा रही है, लेकिन यह राहत बिलासपुर जिले के किसानों के लिए नहीं है। प्रदेश के 22 जिलों में सरकार ने चना, मसूर व सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी करने का आदेश जारी किया है, जिसमें बिलासपुर जिले का नाम गायब है। जिले में भी इन फसलों की एमएसपी पर खरीदी होने पर गर्मी में धान लेने की होड़ शायद खत्म या कम की जा सकेगी।

खरीफ सीजन में अपने खेतों में धान लगाकर सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की उच्चतम कीमत में धान की बिक्री करने के बाद किसानों की गर्मी में भी रबी फसल के रूप में धान ही लगाने की परंपरा को तोड़ने सरकार ने एक अच्छा कदम उठाया है।

सरकार द्वारा रबी सीजन में ली गई चना, मसूर व सरसों की फसल को समर्थन कीमतों में खरीदने संबंधी आदेश जारी किया गया है। दिक्कत यह है कि उक्त आदेश में प्रदेश के 22 जिले शामिल किए गए हैं, लेकिन बिलासपुर जिले का नाम सूची से गायब है। बिलासपुर संभाग अंतर्गत मुंगेली, जीपीएम, कोरबा व जांजगीर की सात समितियों को खरीदी के लिए आदेशित किया गया है, लेकिन बिलासपुर जिले के लिए फिलहाल ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है।



### एमएसपी से ज्यादा मार्केट रेट?

जानकारों का कहना है कि इन फसलों की खरीदी एमएसपी पर करने का प्रयास सरकार द्वारा पहले भी किया गया था, ताकि किसानों को गर्मी का धान लेने की होड़ से बचाया जा सके। इसके विपरीत किसानों ने इन फसलों की बिक्री समर्थन मूल्य पर करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके पीछे प्रमुख कारण खुले बाजार में इन फसलों का मूल्य एमएसपी से अधिक मिलना था। यही कारण है कि बीते वर्षों में किसानों के बीच सरकार की यह प्लानिंग फेल हो गई थी।

### गर्मी के धान के चक्कर में सूख रहे बांध

जिले में किसानों के द्वारा बड़े रकबे में गर्मी का धान उगाया जाता है। ज्यादातर लोगों के पास सिंचाई के अपने साधन हैं, लेकिन अप्रैल-मई में पड़ने वाली भीषण गर्मी व धान की फसल की सिंचाई के लिए ट्यूबवैल का भरपूर दोहन करने के कारण पानी की पूर्ति नहीं हो पाती। ऐसे में किसान फिर विकल्प की तलाश करते हैं। जिले में कई गांव ऐसे हैं, जहां पूरा का पूरा गांव ही गर्मी का धान लेता है। ऐसे में सिंचाई के लिए पानी की जरूरत होने पर आसपास स्थित बांध से पाईप लाईन व मोटर पंपों के जरिए पूरा का पूरा गांव पानी लेने लगता है। हालत यह होती है कि पूरा बांध ही सूखकर मैदान का रूप ले लेता है। जिससे गांव की निस्तारी जैसी मूलभूत जरूरतों की भी पूर्ति नहीं हो पाती।

### लोकल किसानों की दिलचस्पी कम

शासन से कुछ रबी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी संबंधी जिलेवार व समितिवार सूची आई है, लेकिन फिलहाल उसमें बिलासपुर जिले का नाम नहीं है। सरकार की ओर से इस संबंध में पहले भी प्रयास किए गए थे, लेकिन किसानों की ओर से विक्रय को लेकर दिलचस्पी कम ही देखी गई।

- **चंद्रशेखर जायसवाल,** डिप्टी कमिश्नर सहकारिता विभाग

### प्रस्ताव भेजा गया

हमने भी कुछ रबी फसलों की समर्थन कीमतों में खरीदी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। पूरी उम्मीद है कि जिले में भी जल्द इसके लिए शासन की ओर से आदेश जारी किया जाए।

- **पीडी हथेश्वर,** उपसंचालक कृषि विभाग


शुक्रवार को सिटी कोतवाली थाने का घेराव करते हिन्दू संगठन के लोग।

## 34 सेजेस शाला के शिक्षकों को वेतन नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने की मांग


जिले में 34 सेजेस शाला के रूप में उत्कृष्ट विद्यालय अंग्रेजी और हिंदी माध्यम की संचालित है जिसमें संविदा और प्रतिनियुक्ति के कर्मचारी सेवारत हैं। दिसंबर माह बीने के बाद आवंटन नहीं होने के कारण शालाओं का बिल वापस हो रहा है, कर्मचारियों के बैंक लोन लंबित हो रहे हैं, स्वास्थ्य सुविधा व अन्य आवश्यकता लंबित हो रहा है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा विशेष पहल नहीं किया गया। आवंटन 15 से 20 तारीख को उपलब्ध कराने की सूचना शालाओं को दी जाती है, तब जाकर शालाओं के द्वारा वेतन बनाया जाता है। वेतन को बैंक में जमा किया जाता है किंतु पर्याप्त आवंटन नहीं होने से बिलासपुर जिले में सेजेस के कर्मचारी दिसंबर माह के वेतन से वंचित हैं। नए वर्ष में नए प्रकार का प्रयोग शालाओं के संविदा और प्रतिनियुक्ति के कर्मचारियों को शिक्षा कर्मियों के जमाने की याद दिला रहे हैं जिसमें जब तक आवंटन नहीं आता था, तब तक वेतन भुगतान नहीं होता था। यह स्थिति अत्यंत निराशाजनक है। बिलासपुर में लगभग 1600 शिक्षकों को वेतन नही मिला है, जिसमे 1250 के लगभग प्रतिनियुक्ति के कर्मचारी शासकीय है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा है कि डीपीआई और शिक्षा सचिव स्तर पर इस संबंध में ज्ञापन देते हुए वे चर्चा कर चुके हैं। इस संबंध में शिक्षा विभाग को पहल करते हुए कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान हो इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

## स्कूल में घुसा पागल कुत्ता शिक्षिका समेत बच्चे को काटा

**बिलासपुर।** खमतराई स्थित पीएम श्री स्कूल में पागल कुत्ता अचानक स्कूल परिसर में घुस गया। कुत्ते ने हमला कर पहली कक्षा के एक छात्र और एक दो शिक्षिकाओं को काटकर घायल कर दिया।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई स्थित पीएम श्री स्कूल में पागल कुत्ते ने एक छात्र सहित दो शिक्षिकाओं को काटकर घायल कर दिया। एक शिक्षिका के पैर पर कुत्ते ने बुरी तरह काटा और मांस का बड़ा हिस्सा शरीर से अलग कर दिया। घायलों को लोगों ने तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।





जानकारी के मुताबिक, कुत्ता अचानक स्कूल के अंदर घुसा और लोगों पर झपट पड़ा। घटना के बाद स्कूल प्रबंधन ने नगर निगम की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक ने जोन कमिश्नर को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है और तत्काल कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों में डर का माहौल बन गया।

### दो दिन पहले युवकों के बीच हुआ था विवाद

# सोशल मीडिया में वीडियो डाल युवक ने लगाई फांसी, सिटी कोतवाली का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

2 दिन पहले सरकंडा में हुए आपसी विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। खुदकुशी करने से पहले युवक ने सोशल मीडिया में वीडियो डालकर आरोपी सोहेल खान और पुलिस पर आरोप लगाया है। युवक की मौत के बाद हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली का घेराव कर जमकर हंगामा मचाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विवेचना शुरू कर दी है।


आरोपी

पुलिस के अनुसार मृतक नरेश साहू पिता सुशील साहू बरमार मुंगेली का रहने वाला है और गणेश चौक चिंगराजपारा में किराए के घर पर रहता था। सरकंडा के इंडेन गैस एजेंसी में काम करता है। 30 दिसंबर की रात में सरकंडा से घर जाते वक्त उसकी गाड़ी की भिड़ंत खपरगंज निवासी सोहेल खान के साथ हो गई थी। इस दौरान सोहेल खान ने युवक नरेश साहू को हिन्दू संगठनों के साथ काम करने के नाम पर जमकर मारपीट की थी, इस घटना की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में दर्ज है। पुलिस मामले में जांच कर रही थी।


मृतक

**मारपीट से क्षुब्ध होकर मौत को लगाया गले**

### युवक ने लगाया आरोप

मौत से पहले सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर नरेश साहू ने हिन्दू संगठनों के लोगों से न्याय की मांग की है। उसने पुलिस पर भी बयान बदलने का दबाव बनाने की बात कही है, साथ ही सोहेल खान व अन्य लोगों के द्वारा धमकी मिलने की बात कही है। पुलिस मामले में सभी पक्षों को लेकर जांच में जुट गई है।

### हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने घेरा थाना

बताया जा रहा है कि युवक की मौत के बाद हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली का घेराव कर दिया और आरोपी के गिरफ्तार की मांग की है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नरेश को हिन्दू कार्यकर्ता होने के कारण ही मामूली एक्सीडेंट पर मारपीट की गई थी, जिससे उसके शरीर पर कई जगहों पर निशान थे। नरेश द्वारा 31 दिसंबर को कराई गई एफआईआर में भी हिन्दू संगठन में काम करने को लेकर मारपीट की बात कही गई थी, हालांकि पुलिस इन बातों को गलत बताया है, पुलिस का कहना है कि झगड़े की वजह आपसी कहासुनी ही है।

1 जनवरी को पुलिस ने नरेश साहू का बयान भी लिया था और शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कथन के लिए सिटी कोतवाली बुलाया गया था। इस दौरान पुलिस को पता चला कि वह अपने घर मुंगेली चला गया है, जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने आरोपी युवक सोहेल खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### सीसीटीवी के आधार पर बयान मैच नहीं

बताया जा रहा है कि नरेश साहू के साथ सोहेल खान व अन्य युवक ने मारपीट की थी, जिसके बाद नरेश ने सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस की जांच में आसपास के सीसीटीवी देखने के बाद पुलिस ने नरेश को बताया था कि एफआईआर के मुताबिक सोहेल वहां मौजूद नहीं था।

### मामले की जांच की जा रही

मृतक ने एफआईआर दर्ज कराया था, जांच के लिए पुलिस ने उसे बुलाया होगा। हमें बाद में पता चला कि उसने मुंगेली में खुदकुशी कर ली है। वीडियो के सामने आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले की जांच मुंगेली पुलिस कर रही है।

- **रजनेश सिंह,** एसएसपी बिलासपुर

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र के प्रियदर्शनी व अज्ञेय नगर की घटना**

# गुंडागर्दी करते हुए माहौल खराब करने वाले युवकों पर बरसा पुलिस का डंडा, 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कालोनियों में गाली गलौज करते हुए गुंदागर्दी करने वाले युवकों को पुलिस ने मजा चखाया है। शुक्रवार की शाम घेराबंदी कर युवकों को गिरफ्तार किया, वहीं पुलिस की गाड़ी देख कुछ युवक आसपास के घरों में जाकर दुबक गए। पुलिस बाकी युवकों की भी सरगर्मी से तलाश कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली थी कि आए दिन कुछ युवक प्रियदर्शनी नगर व अज्ञेय नगर में स्थित गार्डन में शाम होते ही शराब व नशा खोरी करते हुए असामाजिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। पुलिस ने कई बार छापामारी की थी, लेकिन हर बार पुलिस की गाड़ी देख युवक भाग निकलने में कामयाब हो जाते थे। शुक्रवार को पुलिस ने दोपहिया वाहन और 4 पहिया वाहनों के साथ अलग-अलग रास्ते से घेराबंदी कर युवकों पर टूट पड़ी, इस दौरान कुछ युवक आसपास के घरों में जा छिपे, पुलिस ने जिन युवकों को पड़ा, उन्हें सड़क पर ही सबक सिखाते हुए जमकर पीटा। इस दौरान युवकों ने दोबारा ऐसा नहीं करने की कसम तक खाई लेकिन पुलिस ने उन्हें थाने लाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इस दौरान आजाद चौक निवासी राजा पात्र पिता रमेश पात्र 28 वर्ष, मगरपारा निवासी राज यादव, पिता राजेन्द्र यादव 19 वर्ष, दयालबंद अटल आवास निवासी तुषार गोले पिता सोनी गोले 20 वर्ष, तालापारा निवासी शेख अजहरूद्दीन पिता शेख नसरूद्दीन 25 वर्ष पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

■ पुलिस की गाड़ी देख भाग खड़े हुए युवक



### कालोनी वालों की नाक में दम

बताया जा रहा है कि आरोपी युवक आए दिन कालोनी के गार्डन में पहुंच कर माहौल खराब करते थे, इस दौरान नशे के हालत में कई बार आम लोगों से भी हुज्जतबाजी करते थे, जिससे कालोनी के लोग खासे परेशान थे। शुक्रवार को भी युवकों के द्वारा गाली गलौज करते हुए हंगामा किया जा रहा था, लेकिन पुलिस को इसकी भनक लग गई, जिसके बाद युवकों की शामत आई।

### जारी रहेगी कार्रवाई

क्षेत्र में युवकों के द्वारा शांति में व्यवधान डाला जा रहा था, पुलिस पहले भी पेट्रोलिंग कर चुकी थी, लेकिन हर बार युवक भाग निकलते थे, शुक्रवार को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। कुछ युवकों को थाने लाया गया है, बाकी असामाजिक तत्वों की पहचान की जा रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

- **निमितेष सिंह,** सीएसपी, सिविल लाइन



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री तोखन ने जन दर्शन कर लोकसभा क्षेत्र के लोगों हाल जाना



**बिलासपुर।** भारत सरकार में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने आवास पर जन दर्शन कर अपने लोकसभा क्षेत्र के लोगों हाल जाना। इस दौरान वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की । इस दौरान बिलासपुर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, भाजपा के जिला मंत्री मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा सदस्य रियाज अशरफी, अभिलेश यादव, सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया ब्रेल लिपि कैलेण्डर का विमोचन



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय में ब्रेल लिपि तैयार कैलेण्डर का विमोचन किया। यह कैलेण्डर ब्रेल प्रेस, समाज कल्याण विभाग द्वारा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए वर्ष 2026 का ब्रेल लिपि में तैयार किया गया है। जिसमें ब्रेल के साथ ही लो-विजन के दृष्टिबाधितों का ध्यान रखते हुए सभी शासकीय सामान्य अवकाश, ऐच्छिक अवकाश को शामिल किया गया है। कैलेण्डर को ब्रेल प्रेस के विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ब्रेल लिपि कैलेण्डर की प्रसन्नता करते हुये कहा कि सामान्य लोगों के साथ ही दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल प्रेस, समाज कल्याण बिलासपुर का प्रयास सराहनीय है। विमोचन के समय एडीएम शिवकुमार बनर्जी, संयुक्त संचालक समाज कल्याण टीपी भावे, उपनियंत्रक बबीता कमलेश, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, उत्तमराव माथनकार, दीक्षांत पटेल, आर पी मण्डल, पूर्णिमा पाण्डे, संतोष देवांगन, रमाशंकर शुक्ला, दुर्गेश धीवर, शालिनी त्रिपाठी, नीतू दीवान, वामसी कृष्णा आदि मौजूद थे।

### रजनीश ने किया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**बिलासपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ के डायरी और कलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा भी उपस्थित रहे। विमोचन के अवसर पर सिंह ने कहा की कर्मचारियों का संगठन यदि जागरुक रहे तो कार्यालयीन कार्यव्यवस्था सुचारु रुप से संचालित होती है। बैंक के सीईओ श्री मिश्रा ने कहा कि बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संगठन दोनों समझदारी से मिलकर चले तो संस्था का विकास होता है। संघ के आशीष दुबे ने कहा संघ हमेशा कर्मचारियों के हित में कार्य करता रहेगा और बैंक को उत्तरोत्तर सफलता की ओर अग्रेसित कराता रहेगा। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष भागवत प्रसाद यादव, रवि सिंह ठाकुर, राजेश पाठक, मनमोहन निषाद, किशोर चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, भक्ति ठाकुर, अनुभा मशीह, नेहा शुक्ला, इंदु पटनवार, योगेश पांडे, अभिषेक तिवारी, सुशील चंद्राकर, आशीष सोनी, दीपक साहू, झरोखा चंद्राकर, उमाशंकर यादव आदि मौजूद थे।

### अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा गुप्ता समाज ने कंबल बांटे



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौधन वैश्य महासभा ट्रस्ट गुप्ता समाज की ओर से असहाय एवं दृष्टि बाधित लोगों को कंबल प्रदान किया गया। इस अवसर पर रमेश गुप्ता एवं किशोरी शरण गुप्ता एवं समाज के पदाधिकारी लिंगियाडीह अपोलो हॉस्पिटल के पास जाकर सूरदास पृथ्वीराज एवं सूरदास कुमारी पूजा व उनके परिवार को कम्बल वितरित किए। दृष्टि बाधित को इस साल 200 कम्बल बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर अरविंद गुप्ता, धीरेन्द्र गुप्ता, रशेष गुप्ता, निशा गुप्ता, दीप गुप्ता, रमेश गुप्ता, श्री गोपाल गुप्ता, पवन गुप्ता आदि मौजूद थे।

### गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज कोनी में मतदाता जागरूकता अभियान तहत शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू एवं बेलतरा तहसीलदार मनीषा झा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संस्था के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित छात्र-छात्राओं को मतदान से संबंधित जानकारियां जैसे वोटर आईडी कार्ड बनवाने, एसआईआर फार्म भरना तथा अन्य जानकारियां शामिल थी। इस अवसर पर एक आनलाइन फार्म भरकर प्रदर्शित करते हुए उपस्थित लोगों को बताया गया कि किस तरह आनलाइन फार्म भरा जा सकता है। इस दौरान छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों ने एसआईआर से संबंधित कुछ सवाल भी किए जिनका एसडीएम द्वारा जवाब दिया गया। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई सहित संस्था के समस्त प्राध्यापक एवं अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं सहित प्रो. इंद्राणी बोरकर, प्रो. मनेश मंडावी, प्रो. सौरभ यादव आदि उपस्थित रहे।

---

**नहीं मिल रहे थे बी लिब करने वाले स्टूडेंट्स** | **बी लिब की जगह पर बीबीए कोर्स शुरू करने की तैयारी**

# सीयू में डिस्टेंस एजुकेशन शुरू होने के दूसरे साल ही 13 में से एक कोर्स बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस मोड में आनलाइन पाठयक्रम शुरू किया गया था। लेकिन डिस्टेंस मोड में आनलाइन पाठयक्रम शुरू करने के दूसरे ही साल यूनिवर्सिटी को 13 में से एक कोर्स को बंद करना पड़ रहा है। क्योंकि यूनिवर्सिटी को डिस्टेंस मोड में बी लिब करने वाले स्टूडेंटस नहीं मिल रहे हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी ने बी लिब पाठयक्रम को बंद करने का निर्णय लिया है और बी लिब की जगह पर बीबीए पाठयक्रम डिस्टेंस मोड में शुरू करने की तैयारी है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शिक्षण सत्र 2024 में डिस्टेंस एजुकेशन आनलाइन मोड में शुरू किया गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने डिस्टेंस एजुकेशन के तहत 13 प्रोग्राम का प्रस्ताव यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो को



भेजा था, जिसमें से 11 प्रोग्राम शुरू करने की अनुमति मिली, उसके बाद दो और पाठयक्रमों की अनुमति दी गई। इस तरह से डिस्टेंस एजुकेशन आनलाइन मोड में 13 पाठयक्रम संचालित किए जा रहे थे। इसमें स्नातक स्तर के तीन प्रोग्राम और स्नातकोत्तर स्तर के 10 प्रोग्राम शामिल हैं। स्नातक स्तर में बीकॉम ऑनर्स, बीलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस, बीसीए शामिल हैं। इसी तरह स्नातकोत्तर में एमबीए, एमसीए, एमलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस, एमए जेएमसी, एमए पोलिटिकल साइंस, एमए हिस्ट्री, एमए इकॉनमिक्स, एमए इंग्लिश, एमकॉम और मास्टर ऑफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) प्रोग्राम शामिल हैं। इन प्रोग्राम की अनुमति मिलने के बाद यूनिवर्सिटी ने आनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया चालू की थी। लेकिन पिछले साल भी स्नातक पाठयक्रमों में बी लिब में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स नहीं मिले और इस सत्र भी बी लिब डिस्टेंस पाठयक्रम में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंटस नहीं मिले।

लगातार दो साल से इस पाठयक्रम में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंटस नहीं मिलने की वजह से यूनिवर्सिटी ने डिस्टेंस एजुकेशन में बी लिब पाठयक्रम को बंद करने का निर्णय लिया है और उनकी जगह पर स्नातक स्तर पर बीबीए नया पाठयक्रम डिस्टेंस मोड में शुरू करने जा रही है।

### संचालित पाठ्यक्रमों में ही डिस्टेंस एजुकेशन

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टेट यूनिवर्सिटी के समय दूरवर्ती शिक्षा संस्थान संचालित था, जो बाद में सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद बंद हो गया था। पिछले साल से सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन शुरू हो गया है। इसके लिए जुलाई 2024 में यूनिवर्सिटी ने यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो को प्रस्ताव भेजा था और उसी माह यूनिवर्सिटी को अनुमति मिल गई थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन का जो कोर्स मटैरियल है, वह यूनिवर्सिटी में पहले से रेगुलर पाठ्यक्रम के रूप में चल रहे हैं।

### आनलाइन मोड में चल रहा डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम

गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में डिस्टेंस एजुकेशन के अंतर्गत जितने भी प्रोग्राम संचालित हो रहे हैं, वे सभी ऑनलाइन चल रहे हैं। डिस्टेंस एजुकेशन में एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन होती है। इसी तरह टीचिंग वर्क, एसेसमेंट, असाइनमेंट और एग्जामिनेशन भी ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं। ऑनलाइन माध्यम से ही इसके पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं।

### 13 प्रोग्राम संचालित हो रहे

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कुल 13 प्रोग्राम डिस्टेंस एजुकेशन के तहत संचालित हो रहे हैं। इसमें पिछले साल से आनलाइन मोड में एडमिशन दिया जाता है। बी लिब स्नातक पाठयक्रम में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स नहीं मिल रहे थे। इसलिए बी लिब पाठयक्रम बंद करने का निर्णय स्टेडिंग कमेटी में हुआ है और उसकी जगह स्नातक स्तर के ही बीबीए पाठयक्रम शुरू किया जाएगा।

-**प्रो.मनीष श्रीवास्तव**, डायरेक्टर, डिस्टेंस एजुकेशन सीयू

---

**संवारा जा रहा है तालाब, सैलानियों को नए कलेवर में नजर आएगा**

# 25 लाख में बनेगा बिलासा ताल का वुडन ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी स्थित बिलासा ताल के सरोवर में नए वुडन ब्रिज का कार्य करने के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति शासन ने दे दी है, जिस पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसके अलावा बिलासा ताल को नव निर्माण करने के लिए वॉल पेंटिंग सहित अन्य कार्यों की शुरुआत कर दी गई है, ताकि सैलानियों को बिलासा ताल एक नए कलेवर में नजर आ सके।

जिला प्रशासन ने कोनी की जमीन में अवैध बेजा कब्जे को रोकने के लिए बिलासा ताल का निर्माण करने के बाद जिम्मेदारी वन विभाग को दी थी। वन विभाग बिलासपुर ने बिलासा ताल के बीच में सरोवर बनाने के साथ एक कॉफी हाउस का निर्माण कराने के साथ अन्य कार्य कराए गए। कुछ माह पहले बिलासा ताल को नए स्तर से सुधारने के लिए शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए सें अधिक राशि स्वीकृत की गई थी। इसमें केवल बिलासा ताल को चारों ओर से घेराबंदी करने के लिए पुराने फेंसिंग तार और पोल को हटाकर नई दीवार बनाकर बाउंड्रीवाल का काम किया गया और अंदर का काम छोड़ दिया गया। वन विभाग की जिम्मेदारी में चल रहे बिलासा ताल में सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र सरोवर और उसके ऊपर बनाया गया पूल था। इस पूल को लकड़ी के जरिए सरोवर के बीच में खड़े किया गया था। इसके साथ ही सरोवर में भ्रमण के लिए नाव की भी व्यवस्था की गई थी। आठ साल पहले बारिश के कारण पूल जर्जर होकर पूरी तरह से टूट गया, जिसे नए स्तर से बनाने के लिए लाखों रुपए की राशि भी सेंक्शन की गई थी। यह कार्य करने से पहले ही तत्कालीन रेंजर रिटायर हो गए और राशि कहां गई इसका भी कोई अता पता नहीं चल सका। वर्तमान स्थिति में सरोवर और उसमें गंदा पानी है, लेकिन ऊपर का पूल अब तक बन नहीं पाया है। एक बार फिर वर्तमान डीएफओ के निर्देश पर बिलासा ताल को संवारने का काम शुरु कर दिया गया है। इसके तहत सबसे पहले बिलासा ताल के सरोवर में पानी भरने के साथ वुडन ब्रिज का कार्य करने के लिए शासन से 25 लाख रुपए की स्वीकृति ली गई है। वहीं अन्य कार्यो को भी धीरे-धीरे करने का निर्णय लिया गया है।



**शेड और झूलों की मरम्मत**

सैलानियों के बैठने के स्थानों को भी अलग-अलग रंगों से सजाकर आकर्षक बनाया गया था। सैलानी इन रंग बिरंगे स्थानों पर बैठकर प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के अलावा नई डिजाइन के बीच सेल्फी भी ले सकते थे। इसके साथ ही पेड़ों को रंग रोगन कर उद्यान की सुंदरता को बढ़ाने का काम किया गया था। जिस स्थान पर यह कार्य किया गया, वहां ऊपर की शेड भी कई स्थान से टूटकर नीचे आ गए थे। गार्डन और बच्चों के झूलों का भी हाल बेहाल हो गया था, जिसे नव वर्ष के पहले मरम्मत कर दिया गया है।

### 25 लाख रुपए स्वीकृत

बिलासा ताल को नए तरीके से बनाने के लिए काम शुरु कर दिए गए हैं। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा भी जा रहा है, ताकि इसे विकसित किया जा सके। वर्तमान में सरोवर के बीच में उडन ब्रिज बनाने का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई है। वहीं अन्य कार्यों की शुरुआत भी जल्द होगी।

-**टीआर मरावी**, एसडीओ, वन मंडल बिलासपुर

---

# चौकसे इंजीनियरिंग कालेज को सीएसई में एनबीए की मान्यता

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कालेज को कम्पुटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग में एनबीए की मान्यता प्रदान की गई है। कालेज के प्रबंध निर्देशक डॉ. आशीष जायसवाल ने बताया कि साल 2026 की शुरुआत चौकसे कालेज एवं बिलासपुर के विद्यार्थियों के लिए गौरव और उपलब्धि से भरी रही।

इस कालेज को कम्पुटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड एनबीए की मान्यता प्राप्त हुई है। यह मान्यता उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, सुदृढ़ अकादमिक संरचना, आधुनिक अधोसंरचना, अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी, परिणामोन्मुखी शिक्षण प्रणाली तथा छात्र-केंद्रित वातावरण का प्रमाण मानी जाती है। यह उपलब्धि न केवल संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करती है, बल्कि पूरे क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा के स्तर को भी नई पहचान प्रदान करती है। यह कालेज बिलासपुर शहर का वह एकमात्र संस्थान है जिसे एनबीए और एनएएसी दोनों की मान्यताएँ प्राप्त हैं, जो संस्थान की गुणवत्ता आधारित शिक्षा, सतत सुधार और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह मान्यता सभी की टीमवर्क, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है तथा यह उपलब्धि संस्थान को भविष्य में और अधिक ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

संस्थान प्रबंधन ने इस उपलब्धि का श्रेय समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों के सामूहिक प्रयास को दिया है। प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी अन्य विभागों के लिए मानकों के अनुरूप गुणवत्ता उन्नयन की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।



---

# प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म



**बिलासपुर।** सिम्स में तेंदूभाठा से आई एक महिला ने प्रसव पीड़ा से तड़पते हुए बच्चे को जन्म दिया है। इस दौरान कर्मचारियों ने उसे भर्ती करने में लेटलतीफी की, जिसके चलते महिला की हालत बिगड़ गई और फर्श पर ही प्रसव हो गया।

सिम्स में इन दिनों में लेबर वार्ड में जबरदस्त दबाव बना हुआ है। जिला अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों से प्रसव के लिए गर्भवती को भेजा जा रहा है, जिससे सिम्स की व्यवस्था खराब हो रही है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल से रोजाना 10 से अधिक गर्भवती महिलाओं को बिना इलाज के भेज दिया जा रहा है। शुक्रवार की सुबह भी इस प्रकार तेंदुभाठा से आई गर्भवती को सिम्स में प्रसव के लिए लाया गया। इस दौरान दस्तावेज और अन्य जांच के कारण गर्भवती को वार्ड में भर्ती करने में विलंब हो गया, गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा उठने के बाद हालत बिगड़ने लगी और परिजनों के देखते-देखते महिला ने एक बच्चे को जन्म दे दिया। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई, इसके बाद सिम्स के कर्मचारी ने उसे तत्काल वार्ड में शिफ्ट किया है।

# अज्ञात महिला को सकुशल परिजन से मिलाया

**बिलासपुर।** सिम्स में मानवता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक समन्वय का प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। रेलवे स्टेशन से अज्ञात व भटकती हुई 20 वर्षीय युवती को सिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज किया जा रहा था, वन स्टॉप सेंटर के सहायता से युवती को परिजनों से मिलाया गया है।

बताया जा रहा है कि 10 नवंबर 2025 की दोपहर 3 बजे रेलवे स्टेशन में 20 वर्षीय युवती मिली थी, उसे 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी तबीयत बेहद खराब थी। सिम्स के मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों द्वारा निरंतर उपचार, देखभाल किया गया और महिला की स्थिति में सुधार हो गया। हालत में सुधार होने के बाद युवती ने अपने घर का आधा-अधूरा पता बताया। इसके बारे में डाक्टरों ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह एवं अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को जानकारी दी। इस क्रम में सिम्स के सोशल वर्कर आशुतोष शर्मा द्वारा दिनांक 19 दिसंबर को महिला हेल्पलाइन 181 पर प्रकरण दर्ज कराया गया। सखी वन स्टॉप सेंटर, नूतन चौक, बिलासपुर की केंद्र समन्वयक मीनाक्षी पांडे द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। पते के आधार पर झारखंड के सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया गया, युवती के



परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई। युवती के पिता मोहन महतो, निवासी परसुडीह, जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) बिलासपुर पहुंचे और औपचारिकता के बाद युवती को सकुशल उन्हें सुपुर्द किया गया है।

### स्टाफ ने बेहतर काम किया

सिम्स में आने वाले प्रत्येक असहाय और अज्ञात मरीज की जिम्मेदारी से इलाज किया जाता है। चिकित्सा, प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से असंभव को भी संभव बनाया गया है। सभी डाक्टर और स्टाफ ने बेहतर काम किया है।

-**डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक

# स्वदेशी खादी महोत्सव का समापन 11 को

**बिजनेस प्लस**

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ खादी बोर्ड द्वारा सीएमडी कालेज मैदान में संचालित स्वदेशी प्रदर्शनी को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इसका समापन 11 जनवरी को होगा। सीएमडी कालेज मैदान में पिछले कई दिनों से चल रहे स्वदेशी प्रदर्शनी का समापन 11 जनवरी को होगा। प्रदर्शनी की अंतिम तिथि को देखते हुए शहर वासियों द्वारा बढ़-चढ़कर खरीदारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि काफी छुट के साथ ऊनी एवं खादी वस्त्रों की बिक्री की जा रही है। अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खादी बोर्ड राकेश पांडे ने शहर वासियों से आह्वान किया है की अधिक अधिक संख्या में आए और प्रदर्शनी की अंतिम दिनों में छुट का लाभ उठाएं और अपनी मनपसंद वस्तुओं की अधिक से अधिक खरीदारी करें। प्रदर्शनी का समय पूर्ववत है।



---

**बिलासपुर में उठने लगा विरोध, छात्र युवा जोन नागरिक संघर्ष समिति केन्द्रीय राज्यमंत्री को सौपेंगी ज्ञापन**

# बिलासपुर-उसलापुर में जगह की कमी नहीं फिर भी कोचिंग टर्मिनल रायपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल मुख्यालय बिलासपुर में होने के साथ उसलापुर और बिलासपुर में जगह की कोई भी कमी नहीं है, जिसके बावजूद रेल मंत्रालय ने कोचिंग टर्मिनल बनाने की घोषणा रायपुर मंडल में कर दी है। इसके कारण एक बार फिर सबसे अधिक लदान और राजस्व देने वाले बिलासपुर स्टेशन का विकास रूक गया है।

इस घोषणा का नागरिक युवा जोन संघर्ष समिति के अलावा कई वरिष्ठ नागरिक भी विरोध करना शुरु कर दिए हैं। घोषणा के विरोध में संघर्ष समिति ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का जोनल कार्यालय बिलासपुर में हैं, जिसके बावजूद सारा विकास कार्य रायपुर मंडल में किया जा रहा है। अब रायपुर को एक बड़ा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर बूस्ट मिलने जा रहा है। रेल मंत्रालय ने बिलासपुर के बजाय रायपुर राजधानी में यात्रियों की बढ़ती संख्या और स्टेशन पर बढ़ते दबाव को देखते हुए नया रायपुर में ऑप्शनल कोचिंग टर्मिनल विकसित करने की योजना पर काम शुरु कर दिया है। रेल मंत्रालय के अनुसार देश के प्रमुख शहरों में यात्रियों की मांग को देखते हुए कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार जरूरी है, जिससे नेटवर्क मजबूत होगा और कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार आएगा। मंत्रालय के आदेश के बाद रेल अफसरों का मानना है कि रायपुर बिलासपुर नागपुर रेलखंड पर स्थित एक अहम रेल जंक्शन है, जहां से प्रतिदिन 122 कोचिंग ट्रेनें संचालित होती है, जिसमें 76 मेल एक्सप्रेस, 46 पैसेंजर ट्रेनें, स्टेशन पर सात प्लेटफार्म, 14 ट्रेनें दुर्ग से होकर शुरु होती है, जिससे परिचालन दबाव बढ़ता है। इस दबाव को कम करने के लिए रेलवे ने नया रायपुर को भविष्य के कोचिंग हब के रूप में चुना गया है। प्रस्तावित वैकल्पिक कोचिंग टर्मिनल में आधुनिक सुविधाएं यानि 9 प्लेटफार्म, एक होम प्लेटफार्म, चार आइलैंड प्लेटफार्म, पांच पिट लाइन और पांच स्टेबलिंग लाइनें, चार इंटरमीडिएट ओवरहॉलिंग लाइनें, चार मैकेनिकल लाइन, तीन शंटिंग नेक होगा। इस घोषणा और काम की शुरुआत का बिलासपुर में जमकर विरोध किया जा रहा है। नागरिक छात्र युवा जोन संघर्ष समिति और अन्य नागरिकों का कहना है कि बिलासपुर और उसलापुर में जगह की कोई भी कमी नहीं है। यहां उसलापुर स्टेशन, दाधापारा स्टेशन और गतौरा स्टेशन तीनों ही तरफ रेलवे के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री से मांग

छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति के सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि जोनल मुख्यालय बिलासपुर में होने के बावजूद नया रायपुर में कोचिंग टर्मिनल की घोषणा समझ से परे है। दुर्ग में भूमि की समस्या के कारण अगर टर्मिनल विस्तार नहीं भी हो रहा है, तब भी बिलासपुर में ऐसी कोई समस्या नहीं है। इसके विपरीत अगर नया रायपुर का टर्मिनल बनेगा तो वह या तो बिलासपुर क्षेत्र को और या फिर दुर्ग भिलाई क्षेत्र को छोड़कर ही अपनी सेवाएं दे पाएगा। दोनों ही सूरत में छत्तीसगढ़ को नई चलने वाली ट्रेनों की आधी अधूरी सेवा ही मिल पाएगी। छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया है।

### रायपुर के पास कोई जगह नहीं

जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के मेम्बर और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का कहना है कि रेल मंत्रालय की कोचिंग टर्मिनल रायपुर और नया रायपुर में बनाने की घोषणा कुछ सर्वे करने के बाद ही की गई होगी। मंत्रालय कुछ भी कार्य बिना सोचे समझे नहीं करती है। बिलासपुर जोनल मुख्यालय है और यहां रायपुर और नया रायपुर से अधिक रेलवे के पास जगह है। रायपुर और नया रायपुर में आबादी अधिक होने के कारण जगह की कमी है। बिलासपुर और उसलापुर जोन के मुख्य स्टेशन हैं, जहां से हावड़ा-मुम्बई रूट की ट्रेनों के अलावा कटनी, प्रयागराज, ओडिशा, दिल्ली सहित अन्य मेट्रो के लिए ट्रेनों की आवाजाही हो रही है। इसको उन्नत करने का प्रयास करना चाहिए।

### रेल मंत्रालय का निर्णय गलत

जोनल रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति के पूर्व मेम्बर और कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव का कहना है कि दपूमरे का जोनल मुख्यालय बिलासपुर में होने के बाद भी सारे विकास कार्य हमेशा से ही रायपुर में ही करने का प्रस्ताव दिया जाता है। यहां के अधिकारी भी बिलासपुर से ज्यादा विकास रायपुर में करना चाह रहे हैं। मंत्रालय कुछ करने से पहले जोन मुख्यालय और डिवीजन के अफसरो से प्रस्ताव मांगता है, जिसके बाद ही कुछ निर्णय होता है। केन्द्र की सरकार में बिलासपुर लोकसभा से केन्द्रीय राज्यमंत्री भी हैं। इन सबके बाद भी बिलासपुर की उपेक्षा हो रही है। कोचिंग टर्मिनल बनाने की घोषणा का निर्णय रायपुर में करना गलत है। उसलापुर और बिलासपुर में रायपुर से ज्यादा अधिक जगह है।

## खबर संक्षेप

### मावली माता मंदिर में छेरछेरा पूर्णिमा मेला आज



**दगोरी।** शिवनाथ नदी के पावन तट पर विराजमान मावली माता मंदिर में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक त्योहार छेरछेरा पर्व पर मेले का आयोजन होगा। प्रकृति की सुरम्य वादियों में विराजित माता रानी के मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आते हैं। मंदिर के पुजारी डूजराम पंडा ने बताया कि, पहले दिन श्रीरामचरित मानस कथा का आयोजन किया गया। सुबह नदी स्नान, पूजा, आराधना पश्चात मेला का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्त तथा व्यावसायी मेले का आनंद लेंगे।

### परमेश्वरी ने गोल्ड, रुक्मणि ने हासिल किया ब्रॉन्ज

**मल्हार।** नगर की दो सगी बहनों ने फिर एक बार गोल्ड व ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने लक्ष्य की ओर अगली उड़ान भरी है।



खेलो इंडिया अस्मिता फीमेल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप जोनल का आयोजन 25 से 28 दिसम्बर तक इंदौर के पब्लिक स्कूल में किया गया, जिसमें मल्हार की परमेश्वरी कुमारी लोहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए म्यूजिकल फोम वेपन में गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं रुक्मणि कुमारी लोहार ने भी म्यूजिकल फोम वेपन में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगता में भारत के आठ राज्यों से 5 सौ महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय स्तर की इस बड़ी प्रतियोगिता में इन दोनों बहनों ने शानदार उपलब्धि दर्ज कराई। अब ये दोनों बहनें मार्च में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चेन्नई जाएंगी और अपना जौहर दिखाएगी। इससे पहले भी इस परिवार के सगे भाई-बहनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोल्ड, सिल्वर व कांस्य पदक लेकर नगर को गौरवान्वित किया है।

### एनटीपीसी सीपत के नए परियोजना प्रमुख का स्वागत



**सीपत।** एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक स्वपन कुमार मंडल ने 1 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी विद्युत उत्पादन परियोजना एनटीपीसी सीपत के परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर इंटक यूनियन एनटीपीसी सीपत के पदाधिकारियों ने बुके भेंट कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। यूनियन प्रतिनिधियों ने श्री मंडल से सौहार्दपूर्ण मुलाकात कर कर्मचारी हित, औद्योगिक सौहार्द और संगठनात्मक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर एनटीपीसी इंटक के पूर्व अध्यक्ष सलीम वीरानी ने कहा कि, स्वपन कुमार मंडल जैसे अनुभवी, संवेदनशील और दूरदर्शी अधिकारी का एनटीपीसी सीपत की कमान संभालना कर्मचारियों और परियोजना, दोनों के लिए शुभ संकेत है। हमें पूरा विश्वास है कि, उनके नेतृत्व में एनटीपीसी सीपत नई ऊंचाइयों को छुएगा और कर्मचारी हितों को प्राथमिकता मिलेगी। श्री मंडल ने भी यूनियन पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, कर्मचारियों की सहभागिता और विश्वास के बिना किसी भी परियोजना की सफलता संभव नहीं है, और वे सभी के साथ मिलकर एनटीपीसी सीपत को और सशक्त बनाएंगे। इस मौके पर यूनियन के महासचिव ललित पगारे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश धृतलहरे, सुनील भोई, ओंकार परिहार, आशीष गुप्ता, विनोद श्रीवास, प्यारेलाल बघेल, शिवपूजन यादव, संतोष निर्मलकर, नवीन कुर्रे एवं छत्रपाल पटेल मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के साथ गाली-गलौज, आरोपी गया जेल

**तखतपुर।** ग्राम समडील के सरकारी स्कूल में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और टीचर के साथ शराब के नशे में गाली-गलौज करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम समडील के शिक्षक रूपचंद यादव और दुर्गा प्रसाद ध्रुव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, गांव का ही युवक अनुप पटेल पिता बाबू लाल पटेल उम्र 26 वर्ष 1 जनवरी को नए वर्ष पर शराब पीकर स्कूल पहुंचा, और नए वर्ष की छुट्टी नहीं देने की बात करते हुए गाली-गलौज करने लगा। मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### श्याम संध्या में प्रस्तुति देंगे राजस्थान के कलाकार

**तखतपुर।** नगर में शनिवार 3 जनवरी श्याम का दरबार सजेगा और भक्ति, भजन में नगरवासी कल श्याम भक्ति में डूब जाएंगे। नगर के रेयांश गोल्ड होटल में आयोजित श्याम दरबार कार्यक्रम में राजस्थान कोटा से खाटूधाम के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान, कन्हैया मित्तल, प्रमोद त्रिपाठी, उमा लहरी, आरती शर्मा कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम 3 जनवरी को शाम 7 बजे से देर रात तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों में काशी मित्तल, आयुष मित्तल, संकेत मित्तल सहित अन्य लगे हुए है।

---

सवा चार करोड़ रुपए अभी भी बकाया, 524 पूर्व सरपंचों से होनी है वसूली

# ग्रामीण विकास योजनाओं का लाखों रुपए डकार गए पूर्व सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पंचायतों के विकास की जिम्मेदारी वहां के निर्वाचित सरपंचों के कंधों पर होती है और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा भी ग्रामीण विकास की योजनाओं, कार्यों के अंतर्गत पंचायतों को फंड दिया जाता है। लेकिन जिन सरपंचों पर विकास की जवाबदारी रहती है, वे ही पंचायत के योजनाओं, कामों को पलीता लगाकर अपनी जेब भर लेते हैं। ऐसे ही पूर्व के 524 सरपंचों पर 4 करोड़ 18 लाख रुपए बकाया है, जिनसे वसूली होना बाकी है।

गांवों की सरकार सरपंच चलाते हैं और अपनी कार्यकाल के दौरान सरपंचों द्वारा ग्रामीण विकास, शासन के विभिन्न योजनाओं में मनमानी, अनियमितता भी की जाती है, जिससे आगे चलकर उनपर शासकीय राशि का दुरुपयोग का आरोप लगता है और उनसे रिकव्हरी की कार्रवाई भी होती है। ग्राम पंचायतों में पुराने सरपंचों का कार्यकाल जैसे ही समाप्त होता और नए पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आते हैं, उसके बाद पुराने सरपंचों का कच्चा-चिट्ठा खुलना शुरू होता है। पुराने सरपंचों के कार्यकाल में जो आर्थिक गड़बड़ियां हुई रहती है वह सामने आने लगती हैं और पूर्व सरपंचों से वसूली के लिए शासकीय प्रक्रिया शुरू होती है। गांवों में पंचायती राज व्यवस्था लागू है, जिसके तहत गांवों में निर्वाचित पंच, सरपंच पांच सालों तक गांव की सरकार चलाते हैं। केन्द्र व राज्य शासन की ग्रामीण विकास से संबंधित ढेर सारी योजनाएं संचालित है, जिनके लिए सरकार से पंचायतों को फंड आता है, लेकिन उस फंड का सदुपयोग करने के बजाए कई सरंपच शासकीय राशि डकार कर अपने जेब भरने में लगे रहते हैं। पूर्व के काफी सरपंचों ने अपने-अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे ही गड़बड़ी की है। ग्राम पंचायतों के आडिट एवं जांच के बाद आर्थिक अनियमितता सामने आई है और पिछले दो-तीन कार्यकाल के भीतर जिले के 524 पूर्व सरपंचों का अभी भी लगभग सवा चार करोड़ रुपए बकाया है। इनमें से एक-एक सरपंच पर लाखें रुपए शासकीय योजनाओं, कार्यो के राशि का दुरूपयोग पाया गया है।

#### कहां-कहां के कितने पूर्व सरपंचों पर राशि बकाया

- बिल्हा – 68 पूर्व सरपंचों पर – 2999888 राशि
- कोटा – 41 पूर्व सरपंचों पर – 1546782 राशि
- तखतपुर – 48 पूर्व सरपंचों पर – 7999490 राशि
- बिलासपुर – 31 पूर्व सरपंचों पर – 6802076 राशि
- मस्तूरी – 304 पूर्व सरपंचों पर – 20309213 राशि

#### की जाती है वसूली

ग्राम पंचायतों में पूर्व सरपंचों पर शासकीय योजनाओं, निर्माण कार्यों आदि का जो बकाया है, उसके लिए वसूली की कार्रवाई नियमानुसार होती है। पूर्व सरपंचों पर अभी भी राशि बकाया है, जिसकी वसूली करने कहा गया है। आर्थिक गड़बड़ी पाए जाने पर सरपंचों के साथ पंचायत सचिवों से भी वसूली की कार्रवाई होती है।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**, सीईओ, जिला पंचायत

#### आरआरसी के तहत होती है वसूली

पूर्व सरपंचों पर राशि बकाया है और उनसे वसूली होना है। सरपंचों से वसूली के लिए जनपदों से एसडीएम के यहां मामला भेजा जाता है और वहां से आरआरसी वसूली के लिए जारी होती है तथा पंचायत राज अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई भी होती है।

**-शिवानी सिंह**, उप संचालक, पंचायत विभाग

#### कई तरह गड़बड़ियों को दिया जाता अंजाम

पूर्व सरपंचों द्वारा पंचायतों में निर्माण कार्यों में गड़बड़ी कर राशि निकाल ली गई। काम पूरा नहीं हुआ और राशि निकालकर गबन कर दिया गया। अधूरे काम का पूरा भुगतान दर्शाया गया। काम हुए बिना राशि का बंदरबाट किया गया। विभिन्न योजनाओं, कार्यो में फर्जीवाड़ा कर आर्थिक गड़बड़ी कर पंचायत मद की राशि डकार ली गई। सरपंचों के कार्यकाल में भी विपक्ष के पंचों व ग्रामीणों द्वारा इस तरह के गड़बड़ियों को लेकर शिकायत की जाती है।

#### आरआरसी जारी होने व पद से हटाने की कार्रवाई

पूर्व सरपंचों से पंचायतों के बकाया राशि वसूली के लिए आरआरसी जारी होता है। ग्राम पंचायतों में गड़बड़ी या बकाया राशि का मामला सामने आने के बाद जनपद पंचायत से मामला राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के पास भेजा जाता है। एसडीएम के यहां पूर्व सरपंच, सचिव के खिलाफ आरआरसी जारी कर मामले में सुनवाई होता है। अगर उनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं किया जाता तो जुर्माना या जेल की सजा भी हो सकती है। पंचायत राज अधिनियम की धारा 39 के तहत एसडीएम सरपंच को पद से निलंबित और धारा 40 के तहत बर्खास्त भी कर सकता है।

#### सर्वाधिक गड़बड़ी मस्तूरी क्षेत्र की पंचायतों में

जिले के मस्तूरी अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायतों में ज्यादतर गड़बड़ी का मामला सामने आते रहता है। पूर्व बकायादारों की सूची में भी सर्वाधिक मस्तूरी क्षेत्र के पूर्व सरपंच शामिल हैं। मस्तूरी क्षेत्र 304 पूर्व सरपंचों पर पंचायत की राशि का बकाया निकला है, जिनसे वसूली की कार्रवाई होना है। पूर्व सरपंचों के संख्या के अलावा बकाया राशि की बात करें तो मस्तूरी अनुविभाग क्षेत्र में ही पूर्व सरपंचों पर लगभग 2 करोड़ 30 लाख राशि बकाया निकला है।

---

## 'पहल' जागरूकता अभियान का असर, 115 गांव हुए अपराधमुक्त



**मुंगेली।** जिले में वर्ष 2025 में अपहरण, लूट एवं चोरी के मामले बढ़े। वहीं बलात्कार, शीलभंग, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी के रिपोर्ट कम दर्ज हुए। ट्रेफिक व्यवस्था पुलिस के लिए चुनौती ही रही। वर्ष के अंतिम में सटोरियों एवं जुआरियों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान 'पहल' के सफल प्रयास से वर्ष 2025 में जिले के 115 गांव अपराध मुक्त हुए। एसपी भोजराम पटेल ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2025 तक के अपराधिक आंकड़ों के अनुसार जिले में घटने वाली अपराधों में कमी आई है। वर्ष 2024 में हत्या के प्रयास के 9 मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 तक 6 मामले दर्ज हुए है। इसी प्रकार 2024 में बलात्कार के 54 मामले आए, जो 2025 में 49 रहे। अपहरण के मामले में बढ़ोतरी हुई 2024 में 62 प्रकरण दर्ज थे, लेकिन 2025 में आंकड़ा 96 तक पहुंच गया। वहीं हत्या का मामला 2024 में 15 था, जो 2025 में 17 हो गया। लूट के मामले में 2024 में 4 प्रकरण थे जो बढ़कर 11 हो गए। चोरी के मामले 2024 में 50 थे जो 2025 में 60 हो गए। इसी प्रकार बलवा भी 2024 में 19 मामले थे, जो 2025 में 28 हो गए। धोखाधड़ी के 2024 में 28 मामले थे जो 2025 में 9 हुए। आगजनी के 7 मामले दर्ज हुए थे 2025 में 6 मामले दर्ज हुए। दहेज मृत्यु का पिछले वर्ष 1 प्रकरण दर्ज हुए थे इस वर्ष 0 रहा। जनसंख्या में वृद्धि से ट्रेफिक बढ़ी है वहीं सुविधा की दृष्टि से दुपहिया वाहनों का चलन बढ़ने व तेज रफ्तार वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाओं मृत्यु की संख्या बढ़ी है। जिला पुलिस द्वारा आम जनता के बीच पहुंचकर आमजनों में पुलिस के प्रति विश्वास, सहयोग एवं जागरूकता लाने के उद्येश्य से विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार–प्रसार किया गया है। जिसमें पहल जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति एप का प्रचार–प्रसार, चलित थाना, महिला जागरूकता, यातायात जागरूकता, साइबर जागरूकता विभिन्न हेल्पलाईन नंबर एवं महत्वपूर्ण संपर्क नंबरों का प्रचार–प्रसार इत्यादि विषयों के संबंध में जागरूक करने हेतु लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

- जिले में बलात्कार के मामले घटे, अपहरण व लूट में बढ़ोतरी

---

## बरेला मर्डर केस में बढ़ रही आरोपियों की संख्या, 3 और गिरफ्तार

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में 26 दिसम्बर में हुई राजकुमार धुरी की हत्या की परत खुलती जा रही है। आए दिन मामले में नए मोड़ सामने आते जे रहे हैं, और पूरे गिरोह का पर्दाफाश होता जा रहा है। मृतक के पिता बेनी राम धुरी ने बताया कि, नेशनल हाइवे पर स्थिति उनकी भूमि को प्रदीप साहू हथियाने की फिराक में था, इसी कारण वह आए दिन धमकी देता था। जमीन नहीं बेचने पर प्रदीप साहू ने अपना गैंग के रवि निर्मलकर चिंटू साहू, मिंटू साहू, राजा धुरी, मनीष साहू, कान्हा पटेल, छोटू खान, प्रदीप ध्रुवंशी, समीर कोशले, विकास पटेल को मोबाइल से फोन कर पंजाब नेशनल बैंक के पास बुलाया, और सोनू राम साहू अपने जीजा की गाड़ी लेकर आया। उसके बाद आरोपियों ने बैंक के अन्दर घुसकर मृतक राजकुमार धुरी को जबरन गाड़ी में बैठाकर ठकुरिकापा के नर्सरी में ले गए एवं वहां सभी ने उसके साथ हाथ, मुक्के, डंडे से बेहरमी से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद अधमरी हालत में छोटू खान, कान्हा पटेल ने नीली एक्टिवा में राजकुमार को उसके सामने फेंक कर फरार हो गए। घर वाले ने राजकुमार को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक भोज राम पटेल के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। सबसे पहले 5 आरोपियों को जेल भेजा गया, उसके बाद फरार 7 आरोपियों को जेल भेजा गया। 1 जनवरी को विनय उर्फ मिंटू पिता राकेश साहू 20 वर्ष बरेला, कान्हा पटेल पिता प्रेम लाल पटेल 24 वर्ष, छोटू खान पिता शेख समीर 33 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों ने प्रदीप उर्फ छोटू साहू के कहने पर घटना को अंजाम देकर फरार होना स्वीकार किया। आरोपियों को धारा 104(1) 103(2)61(2)(ए) 238(1) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अब तक बरेला मर्डर केस में 15 आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।



#### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

बरेला मर्डर केस में आरोपियों की संख्या बढ़ती जा रही है, पहले 12 आरोपियों को जेल भेजा गया, अब 3 और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस तरह से उक्त प्रकरण में 15 आरोपी हो गए हैं। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी

**- नन्द लाल पैकरा**, थाना प्रभारी जरहागांव

---

## काव्य संध्या में देर रात तक चली कविताओं की बयार

**पेण्ड्रा।** पेंड्रा की साहित्यिक धरा पर जिला साहित्यकार समिति, आनंद फाउंडेशन एवं प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रेस क्लब सभागार में भव्य साहित्य एवं काव्य संध्या का आ यो ज न किया गया। आयोजन में जिले भर से आए कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी सशक्त रचनाओं से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया।

- स्व वाजपेयी, दुबे एवं शुक्ल को अर्पित की गई काव्यांजलि

यह साहित्यिक संध्या भारत रत्न, कवि हृदय एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती, छत्तीसगढ़ के दिवंगत हास्य कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे तथा साहित्य अकादमी एवं ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कथाकार कवि विनोद कुमार शुक्ल की स्मृति को समर्पित रही। इस दौरान इन तीनों महान साहित्यिक विभूतियों के तैलचित्रों पर दीप, पुष्प, तिलक एवं रोली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सभी अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए संयोजक कवि आशुतोष आनंद दुबे ने कहा कि, यह आयोजन पूर्वजों के आशीर्वाद एवं साहित्य की महान विभूतियों से प्राप्त प्रेरणा का परिणाम है। कार्यक्रम में अतिथि राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय 'मित्र' ने अटल जी पर केंद्रित अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। मंचासीन कामता प्रसाद शर्मा ने ठेठ छत्तीसगढ़ी अंदाज में हास्य कविताएं सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया। रचना शुक्ला ने अटल जी एवं विनोद कुमार शुक्ल के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एवं ऑक्सफोर्ड स्कूल के डायरेक्टर विकास त्यागी ने अटल जी से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए प्रेरणादायक रचना प्रस्तुत की। साहित्यविद अक्षय नामदेव एवं कुंजबिहारी तिवारी ने कथाकार विनोद कुमार शुक्ल से जुड़ी स्मृतियां साझा की। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक आशुतोष दुबे ने डॉ सुरेन्द्र दुबे के साथ बिताए क्षणों को याद करते हुए उनकी चर्चित रचना 'बेटियां' की पंक्तियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम का संचालन भीष्म त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में 30 से अधिक कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। प्रमुख रूप से दुर्गेश दुबे, सौरभ दुबे, शत्रुघन प्रसाद राय, रश्मि नामदेव, मीनाक्षी केशरवानी, ऋचा यज्ञेश, श्रवण कुमार साहू, साहिल श्रीवास, स्वास्तिका चटर्जी, निष्ठा ताम्रकार, सचिन राज, निष्ठा दुबे, श्रेयांश पांडेय सहित बाल कवि मोहित खांडेकर ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। ये रहे उपस्थित- इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष अखिलेश नामदेव, सचिव शरद अग्रवाल, वरिष्ठ साहित्यप्रेमी रामनिवास तिवारी, पार्षद जयदत्त तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, मनीष श्रीवास, केके तिवारी, रंजीत राठौर, निर्माण जायसवाल, पीयूष गुप्ता, अजय चौधरी, अनुराग सिंह, मुकेश विश्वकर्मा, जितेन्द्र सोनी, प्रशांत डेनियल, अभिषेक गुप्ता, शैलेष सोनी, राकेश तिवारी, अतुल तिवारी सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी, युवा, वरिष्ठजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।



---

## विधायक की मौजूदगी में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के कैलेंडर का विमोचन



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ शाखा तखतपुर एवं सकरी की ओर से वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह मौजूद रहे। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष पूजा रविन्दर कौर मक्कड़ की भी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मजीत सिंह ने ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के सहयोग के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा कर्मचारी एवं पेंशनर भवन के पुनर्निर्माण हेतु सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया। अतिथियों के रूप में पार्षद पूजा बबलू गुप्ता, पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार साहू, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, लव पांडेय, राहुल तिवारी एवं अनिल शिवहरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर कर्मचारी पेंशनर भवन के पुनर्निर्माण हेतु मांग पत्र का वाचन महामंत्री हिमाचल साहू ने किया। स्वागत उद्बोधन तहसील शाखा तखतपुर के अध्यक्ष शशिकांत सोनी एवं शाखा सकरी के अध्यक्ष विजय श्रीवास ने प्रस्तुत किया। नगर पालिका अध्यक्ष पूजा रविन्दर कौर मक्कड़ ने कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संचालन उमर कुरैशी आभार प्रदर्शन शशिकांत सोनी ने किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक बंसीलाल तिवारी, एलजी श्रीवास, केडी सोनी, नीलम राजकुमार, राजकुमार शर्मा सहित संघ की ओर से हिमाचल साहू, शशिकांत सोनी, विजय श्रीवास, उमर कुरैशी, विनोद पांडे, शेखर पांडे, संदीप ठाकुर, समीर कौशिक, राकेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीपक कौशिक, आरती राजपूत, संतोषी यादव, शशि भूषण मेरसा, ज्योति पाल, भंवर सिंह ध्रुव, रामकुमार भोई, नंदनी कश्यप, प्रतीक कश्यप, राजीव कुमार कश्यप, रघुराम दुबे, सुनील कुमार मिश्रा, मनीष सिंह, रवि शंकर सिंह, डीपी तिवारी, शिवपाल सिंह क्षत्री, पुष्पा डहरिया, शकुंतला क्षत्री, ममता वैद्य, अनुपम मिश्रा, प्रभात पांडे, महेंद्र पटेल, गुलाम रसूल खान, संजय कुमार सोनी, भोला देव ध्रुव, ओमप्रकाश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पेंशनर्स उपस्थित रहे।

---

## चालिहा महोत्सव के समापन पर निकली शोभायात्रा



**तखतपुर।** चालिहा महोत्सव के समापन पर नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज की महिलाएं ने कलश लेकर में शामिल हुईं। नगर में जगह-जगह बाहराणा साहब की पूजा-अर्चना की गई एवं नगर के मनियारी नदी में प्रज्जवलित दीप विसर्जित किए गए।

नगर के झूलेलाल मंदिर में 40 दिनों तक श्री झूलेलाल सांई जी की पूजा-अर्चना की गई, प्रतिदिन आरती और सिमरन भजन किया गया एवं 1 जनवरी को समापन के दिन महाआरती का आयोजन किया गया। 2 जनवरी को 2 बजे झूलेलाल मंदिर में बाहराणा साहब की तैयारी कन्हैया संतानी, मुरली रमानी, राकेश मंदानी एवं महिला समिति ने कराई एवं दोपहर 3 बजे के बाद शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के गुरूद्वारा रोड, गांधी चौक, पुराना बस स्टैंड पहुंची जहां पूर्व पार्षद टेकचंद कारड़ा, आयुष कारड़ा, वरूण कारड़ा, रमेश कारड़ा ने शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर में जगह जगह बाहराणा साहब की पूजा-अर्चना की गई एवं इसके बाद मनियारी नदी में जल देवता वरूण भगवान की आरती की गई और प्रज्जवलित दीप को विसर्जित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश मंदानी, किशन सचदेव, अमित मंदानी, दिलीप तोलानी, गिल्लू कुकरेजा, रमेश कारड़ा, करमचंद टेकवानी, हेमराज मंगलानी, गिरीश तोलानी, आकाश चांदवानी, नोतन टेकवानी, परसराम मंगलानी, विरेंद्र भारती, चंचल कारड़ा, सुमित सचदेव, कन्हैया संतानी, दिलीप कारड़ा, विजय संतानी, मुरली रमानी, रमेश मंदानी, टेकचद कारड़ा, मुरली सचदेव, आकाश चंदानी, विनोद तोलानी, रोचीराम तोलानी, प्रताप कुकरेजा, हीरा नत्थानी, कन्हैया संतानी, योगेश कारड़ा, उमेश मंगलानी, अजय भारती, सुरेश होतचंदानी, अजय संतानी, नारू बजाज, मुरली गागवानी, अशोक सचदेव, संतोष तोलानी, सुनील सचदेव, सुनील कुकरेजा, शारदा चांदवानी, सविता सचदेव, पदमा टेकवानी, सरला कारड़ा, संगीता तोलानी, कोमल लाल चंदानी, सोम्या मंदानी, गीता मंगलानी, प्रिति कुकरेजा, आशा सचेदव, सोनी सचदेव, नितिन टेकवानी सहित अन्य उपस्थित रहे।





# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं' का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं' के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

## लाइफ Style



# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में' की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।' आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज

**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात' का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं। 'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी।



# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय

**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली' के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो।

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक / / तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 19/12/2025
ग्राम जूना बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर पहन 36 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक / श्यामू सोनी पिता/पति स्व. शिव कुमार सोनी निवासी ग्राम जूना बिलासपुर तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा स्वयं श्यामू सोनी के जन्म दिनांक 14/06/1974 का जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05.01.26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 26/12/2025
ग्राम जूना बिलासपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका वर्षा सोनी पिता /पति स्व.जुगल किशोर सोनी निवासी ग्राम.... तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग.के द्वारा शिशु /मृतक/ मृतिका वर्षा सोनी के जन्म /मृत्यु दिनांक 23/07/1995 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 14/01/26 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कुलदीप सिंह कालरा पिता करतार सिंह कालरा निवासी कल्पना विहार, अमेरी रोड, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी आलोक दुआ पिता अशोक दुआ एवं प्रेमबाला दुआ पति अशोक दुआ निवासी न्यू सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) की परिवर्तित भूमि स्थित ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 24, ग्राम पंचायत खम्हरिया के अंतर्गत, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) की खसरा क्र. 659/1, रकबा 0.3751 हेक्टर लगान रु. 0.90 पैसे, जिसकी चौहद्दी पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में श्रीमति अंजू दुआ व अन्य की भूमि, उत्तर में बिलासपुर तखतपुर मुख्य मार्ग दक्षिण में नटवर अग्रवाल की भूमि है, को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त भूमि के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार अविलम्ब उक्त भूमि का बिक्री पत्र पंजीयन करवेगा। 7 दिवस के पश्चात को गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.) दिनांक 02.01.2026

भवदीय
प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)
भाजपा कार्यालय के सामने,
करबला रोड, पुष्पांजली नगर,
बिलासपुर (छ.ग.)
मोबाईल 9303060003

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र./ अ-63/2025-26,
ग्राम सैदा मन 04 तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सैदा मन 04 प.ह.न. 41 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण परमेश्वरी नेताम पति सुरेन्द्र नेताम, उम्र 38 वर्ष खुश्मिता नेताम पिता सुरेन्द्र नेताम उम्र 26 वर्ष प्रगति नेताम पिता सुरेन्द्र नेताम, पिता सुनेन्द्र नेताम उम्र 18 निवासी वार्ड नं. 44 गली नं. 03 राम चाल के पास जबड़ापारा बिलासपुर के द्वारा सैदा मन. 4 प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नम्बर कमश: 25/1, 25/2, 29/8, 79/3, एवं 97 कुल खसरा नम्बर 5 कुल रकबा 1.3490 हे. भूमि अनावेदक श्री सुरेन्द्र नेताम पिता भागवत नेताम जाति गोड़, निवासी राय चाल के पास जबड़ापारा बिलासपुर के नाम एवं हक की भूमि है। आवेदिकागण अनावेदक के उक्त भूमि का बंटवारा कर अपने नाम से भूमि प्राप्त करना चाहते हैं। यह कि अनावेदक का एक पुत्र है, जिसका नाम मयंक नेताम है जिसकी उम्र 16 वर्ष (नाबालिक) होने के कारण आवेदक के रूप में नहीं जोडा गया है। यह कि बंटवारा सूची तैयार करते समय आवेदकगण के बंटवारा सूची में अनावेदक के नाबालिक पुत्र मयंक नेताम का भी नाम आवेदकगण के साथ जोड़े जाने हेतु निवेदन किया गया है। तत् संबंध में इस न्यायालय में बटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु धारा 178 के तहत आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 12-01-2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 26-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय आयुक्त बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग)**

**नोटिस**

प्रकरण क्रमांक 202407072400425/9901/एपीएल/अ-6/2024-25 मौजा मंगला तहसील-बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

बलभद्र सिंह ग्राम मंगला तहसील व जिला बिलासपुर अपीलार्थी... बनाम ब्रिजेश सिंह, होलीकास स्कूल के नार्थ गेट के सामने ग्राम मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग...उत्तरवादी

प्रति,
ब्रिजेश सिंह पिता स्व. आर.एन. सिंह निवासी होलीक्रास स्कूल के नार्थ गेट के सामने, तहसील व जिला बिलासपुर

इस न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202407072400425/9901/9901/एपीएल/अ-6/2024-25 मौजा-मंगला तहसील-बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) पक्षकार बलभद्र सिंह बनाम ब्रिजेश सिंह जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 202407072400425/31-6/ 2023-24 में पारित आदेश दिनांक 18/8/2025 के विरूद्ध प्रस्तुत है, में आप उत्तरवादीगण के रूप में पक्षकार है। उपरोक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 12/1/2026 नियत है।

अत: उपरोक्त अपील प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 12/1/2026 को सुबह 11:00 बजे आप स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करें। प्रश्नाधीन प्रकरण में उपरोक्त सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यदि किसी कारण से पेशी दिनांक को इस न्यायालय में अवकाश घोषित या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनाक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

**आयुक्त**
**बिलासपुर संभाग, बिलासपुर**
**(छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर**

**// ज्ञापन //**

**श्रीमति उर्मिला तिवारी.. आवेदिका/वादिनी**
**बनाम**
**छग शासन एवम अन्य.. प्रतिवादीगण / अनावेदक**

प्रो.क. - 02
व्य.वाद कं.-MJC CIVIL CASE:-690/2025
आदेश दिनांक:- 19.12.2025
पेशी ता0:- 03.02.2026

आम जनता
जिससे संबंधित हो,

आवेदिका / वादिनी ने इस माननीय न्यायालय में एक व्यवहार वाद वास्ते अपने पुत्र स्व. रामाकांत तिवारी पिता स्व. शिव कुमार तिवारी एवम बहु स्व. नंदनी तिवारी पति स्व. रामाकांत तिवारी निवासी दोनों निवासी-लालखदान,थाना-तोरवा, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की मृत्यु की उद्घोषणा एवम पौत्र आरव तिवारी उम्र 3 वर्ष प्रतिपाल्य व संरक्षण प्रमाण पत्र बाबत् पेश किया है। जिसकी पेशी दिनांक 03.02.2026 को नियत है। आपको इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 03.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वंय अथवा अपने ऐसी किसी प्लीडर के साथ उपस्थित होवे जिसे प्रकरण के संबंध में सम्यक जानकारी हो, जो वादिनी द्वारा प्रस्तुत वाद का जवाब दे सके, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में मामले की एकतरफा सुनवाई कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

आज दिनांक 02/01/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

**दिनांक-**

**(शैलेष कुमार केतारप)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना का खण्डन**

मैं सुशीला सिंह पवार पति स्व. योगेन्द्र सिंह पवार, निवासी रूद्र विहार फेस-1, अशोक नगर चांटीडीह बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) दैनिक समाचार पत्र "हरिभूमि" दिनांक 31.12.2025 को श्री पुलकीत अग्रवाल आ. श्री गजानंद अग्रवाल निवासी कश्यप कालोनी गली नं.-5, करबला बिलासपुर की ओर से मौजा-चांटीडीह स्थित भूमि खसरा नं. 13/12 में से रकबा 3200 वर्गफीट भूमि को श्री नवरतन सिंह पवार उम्र 65 वर्ष, आ. स्व. श्री मुन्नू सिंह पवार, निवासी गोड़पारा, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर से क्रय करने के संबंध में आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है, का खण्डन प्रकाशित कराया जा रहा है कि मौजा-चांटीडीह, प.ह.नं.-33, रा.नि.मं.-सरकंडा, तहसील-बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 12/1, 13/1, 15/5, 15/6 कुल रकबा 3.38 1/2 एकड़ भूमि है। जो राजस्व अभिलेखों में मेरे ससुर मुन्नू सिंह के नाम पर दर्ज रहा है। उक्त भूमि को नवरतन सिंह, चन्द्रभान सिंह, राजवती सिंह, शकुन सिंह, लालबहादुर सिंह के द्वारा अवैधानिक ढंग से नामातंरण पंजी के माध्यम से नाम दर्ज करा लिया गया है उक्त नामातंरण पंजी में मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है। जिसकी जानकारी होने पर मेरे द्वारा श्रीमान आयुक्त महोदय, बिलासपुर संभाग बिलासपुर के न्यायालय में अपील प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है। इस आम सूचना के खण्डन के माध्यम से सूचित किया जाता है, कि यदि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की क्रय-विक्रय की कार्यवाही किया जाता है, तो क्रेता एवं विक्रेता स्वयं जिम्मेदार रहेगें तथा मुझे विवश होकर क्रेता-विक्रेता के विरूद्ध न्यायालयीन / दाण्डिक कार्यवाही हेतु बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आप लोगों की होगी।

सो सूचना जानिये।

भवदीय
**सुशीला सिंह पवार**
**निवासी : रूद्र विहार फेस-1, अशोक नगर चांटीडीह बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9303989999**

बिलासपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



बचपन से भगवत गीता का ज्ञान लें। भगवत गीता का ज्ञान सही दिशा देगी। जिस तरह प्रकृति के नियम के अनुरूप सर्दी-गर्मी अपने आप आती रहती है उसी तरह जीवन में सुख-दुख अपने आप आते रहता है। जीवन में खुशी आए तो हर्षित न हो और दुख आए तो दुखी न हो बल्कि सहन करना सीखे। सहन करने की शक्ति भगवत गीता से आती है।

देवकीनन्दन दीक्षित सभागार में सत्संग

# सहन करने की शक्ति आती है भगवत गीता से





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें दुर्गोत्सव महिला समिति एवं मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी द्वारा देवकीनन्दन दीक्षित सभागार में आयोजित सत्संग में भक्त भागवत प्रभु छह वर्ष वृंदावन ने कही। उन्होंने गीता के श्लोकों का उच्चारण करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति धर्म के रास्ते पर चलता है तो वह बड़े-बड़े भय से मुक्त हो जाता है। वहीं अधर्म के रास्ते पर चलने से पछतावा होता है। गीता भगवान कृष्ण के मुख कमल से प्रकट हुआ है। गीता का अध्ययन कर उसे जीवन में उतारने एवं सही रास्ते पर चलने वाला व्यक्ति संसार में बार-बार जन्म नहीं लेता है और भगवान के धाम में प्रवेश कर जाता है। उन्होंने कहा कि इस कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण की जप कर सेवा व भक्ति करें। मुक्ति संगम परम वर्जेत यानी भक्ति करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## कराया सत्संग, शामिल हुए नगर विधायक

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने भक्त भागवत प्रभु का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इसके बाद जय श्रीकृष्ण चेतना, प्रभु नित्यानंद...,हरे-हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे-हरे..का सभी को सामूहिक सत्संग कराया गया। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना रहा।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस मौके पर लता राठौर, किरण शर्मा, ममता बघौत रायपुर, आचार्य गिरधर शर्मा, डॉ निर्मल नायक, संध्या सिंह, छाया तिवारी, निर्मला ध्रुव, अर्चना कार्डेकर, सरिता अग्रवाल, राजकुमारी, लक्ष्मी गुप्ता, अल्का तिवारी, संगीता मिश्रा, हिता राय, अन्नपूर्णा गुप्ता, अंजना पाण्डेय, जया धर, मीना खांडे सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## हैं विलक्षण प्रतिभा के धनी

भक्त भागवत प्रभु विलक्षण प्रतिभा के धनी है। वे मात्र तीन साल की उम्र से ही कृष्ण भक्ति में लीन है। उन्हें भागवत गीता के हजारों श्लोक कंठस्थ हैं। उनके साथ वृंदावन से भक्त अकाम दास और दो भक्तजन भगवत गीता का प्रचार-प्रसार करने बिलासपुर आए हैं।

## खाली हाथ ही जाता है इंसान

भक्त भागवत प्रभु ने कहा कि कभी भी किसी बात का घमंड न करें। मृत्यु के समय कुछ साथ नहीं जाता है सिर्फ हरिनाम साथ जाएगा। उन्होंने दो ब्राम्हणों की कहानी सुनाते हुए कहा कि कभी भी किसी चीज के लिए लोभ न करें। जो अपने पास है उसी में संतुष्ट रहें। उन्होंने कहा कि हम सत्य को कड़वा मानते है पर होता नहीं लगता है। उन्होंने महाभारत के दुर्योधन के ज्योतिष द्वारा राजयोग होने की बात पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महाभारत में कौरवों की आधी सेना के मर जाने पर धृताराष्ट्र ने ज्योतिष से पूछा कि दुर्योधन का राजयोग होने के बाद भी यह सब कैसे हो रहा है। इस पर ज्योतिष ने जवाब दिया जहां भगवान श्रीकृष्ण हैं उन्हें कोई भी ग्रह नक्षत्र कुछ नहीं कर सकता है। उपस्थित सभी लोग भी भगवान की भक्ति करें। जिस दिन भगवान को प्राप्त करने की तड़प होगा उसी दिन भगवान प्राप्त हो जाएंगे।

आयोजन

## मतदाता जागरूकता के तहत एक दिवसीय शिविर



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बूथ लेवल अधिकारी पूर्णिमा देवांगन, गंगा साहू, मीनाक्षी कश्यप द्वारा छात्राओं को एसआईआर की विस्तृत जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शशिकला सिन्हा ने छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया। नोडल अधिकारी डॉ सी अनुपा तिर्की ने वोट का अधिकार और अपनी जिम्मेदारी विषय पर छात्राओं को संबोधित किया। स्वीप प्रभारी डॉ इसाबेला लकड़ा ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ सुरेखा देवांगन ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ शोभा महिस्वर, डॉ दीपक शुक्ला, डॉ ललिता साहू, डॉ रश्मि जैन, डॉ एस के पटेल, डॉ वंदना राठौर, डॉ दीपिका महोबिया, आनंद कुमार एवं भरत दास मानिकपुरी, खगेश्वरी एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

धर्म-क्षेत्र

## भागवत कथा से समाज में आती है सकारात्मक ऊर्जा : अमर



**बिलासपुर।** नगर विधायक अमर अग्रवाल शहर में आयोजित दो धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए, जहाँ उन्होंने समाज में संस्कार, सकारात्मकता और जनकल्याण का संदेश दिया। देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित "भागवत गीता से आनंद की प्राप्ति" कार्यक्रम में नगर विधायक अमर अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। नगर विधायक अमर अग्रवाल मंगला क्षेत्र में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुए, जहाँ उन्होंने कथा श्रवण कर क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं मंगल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी सद्भाव को मजबूती मिलती है। नगर विधायक अमर अग्रवाल ने दोनों आयोजनों के लिए आयोजक समितियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

समारोह

## शिक्षक की प्रेरणादायक पुस्तक समाज को प्रेरित करेगी



**बिलासपुर।** राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए चयनित होने और स्वरचित पुस्तक सफर सफलता की राह का विमोचन समारोह मित्र परिवार और शिक्षकों द्वारा रखा गया, जय कौशिक द्वारा लिखित पुस्तक सफर सफलता की राह लगातार हर घर तक पहुंच रही है। इसका भव्य विमोचन कार्यक्रम और राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए चयनित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सफर पुस्तक स्कूल और कालेज में पढ़ने वाले बच्चों के लिए,पालक और समाज के हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है आर्थिक लक्ष्य निर्धारण के साथ टाइम मैनेजमेंट और कक्षा प्रबंधन का स्पेशल पेज से विद्यार्थी का जीवन बदल जाएगा। इस अवसर पर उनकी पुस्तक सफर सफलता की राह का विमोचन कर सभी पाठक मित्र परिवार और लेखक के विचार सुने गये। सफर का विमोचन करते हुए विशेष रुप से ब्रजेश सुचित्रा श्रीवास्तव और लिपिक संध के प्रातीय महामंत्री सुनील यादव और नारी शक्ति की प्रेरणा स्रोत रेवती यादव विशेष रुप से मंच पर उपस्थित रहे।

# श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव, सांई के हुए दिव्य दर्शन

विगत 40 दिवस से चल रहे भगवान श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव सम्पन्न हुआ, इस धार्मिक कार्यक्रम में प्रतिदिन नियमित रूप से पूजा अर्चना तो होती है, साथ ही रात्रि में कथा,सत्संग,भक्ति संगीत का भी आयोजन किया जाता रहा। समापन के कुछ दिन पूर्व देश के अन्य प्रदेशों से अनेक संत महात्माओं का भी आगमन होता रहा एवं विभिन्न म्युजिकल पार्टियों द्वारा सुंदर भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी गई, आखिरी दिन पूज्य बहराणा साहब की पूजा अर्चना की गई।

**बिलासपुर।** विशाल शोभायात्रा मंदिर से निकाली गई जो,की बाबा गुरमुख दास चौक पहुंचकर बाबा गुरमुख द्वास की कुटिया के अंदर जाकर फूलों की माला पहनाई गई। बाबा जी की आरती की गई, गौशाला में पहुंचकर गौ माता को फल फ्रूट खिलाया गया पूजा अर्चना की गई, शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए तलाब में पहुँच कर समाप्त हुई। इस दौरान जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की जा रही थी, नगर के समाजसेवी आम आदमी पार्टी के नेता पार्षद विजय भा् व अन्य पार्षदों के द्वारा संत सांई लालदास का बड़ी फूलों की माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया।






## जीवंत झांकियों का प्रदर्शन

पूज्य सिंधी पंचायत चक्करभाटा पूज्य सिंधी रियासती पंचायत के अध्यक्ष मनोहरलाल मलघानी, सुरेश फोटानी, सभी पंचायत के सदस्यों के द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत सत्कार किया गया। कई अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भी स्वागत सत्कार किया एवं शामिल श्रद्वालु जन बैंड बाजे,धुमाल पर खुशियां मनाते हुए नृत्य करते रहे। शोभायात्रा में सांई लाल दास रथ पर विराजमान थे साथ ही झांकियो का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भगवान श्री झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास की प्रतिमा के अलावा जीवंत झांकियां भी शामिल थी, जिसमें श्री वीर, बाहुबली हनुमान, शिव पार्वती, नरसिंह भगवान प्रमुख थी।





## धनुरमास में विवाह व पूजन किया जा रहा

**बिलासपुर।** दक्षिणी भारतीय संस्कृति में धनुरमास का विशेष महत्व है, जो कि 16 दिसंबर से प्रारंभ हो चुका है, और 14 जनवरी तक मनाया जाएगा। तितली चौक स्थित मंदिर में नियमित कार्यक्रम चल रहे है,शुक्रवार को पी धर्मा राव के परिवार के द्वारा कल्याण कार्यक्रम आयोजित करवाया गया।

बालाजी मंदिर कमेटी के अध्यक्ष वीर स्वामी एवं सचिव साइन भास्कर ने बताया कि अंतिम दिन में समाज का सामूहिक विवाह कराया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। इन्होंने बताया कि सुबह भगवान बालाजी का सुप्रभात सेवा के जगह तिरुपव पढ़ा जाता है,धनुरमास के अंत में गोदादेवी का कल्याण किया जाता है। गोदा देवी यानी भगवान बालाजी की पत्नी उसी दिन सुबह अभिषेक का भी आयोजन किया जाता है। धनुरमास के दौरान भगवान बालाजी का कल्याणम विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



स्पोर्टर्स न्यूज



## विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम कोलकाता के लिए रवाना

**बिलासपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता में आयोजित होने वाले बास्केटबॉल ईस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में भाग लेने गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की पुरुष बास्केटबॉल टीम शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन से शनिवार को कोलकाता के लिए रवाना होगी।

यह प्रतियोगिता 5 से 9 जनवरी तक आयोजित होगी, टीम का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कोच डॉ तिलक राज मीणा द्वारा किया जा रहा है। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। टीम की इस महत्वपूर्ण यात्रा के अवसर पर बॉक्सिंग संघ के प्रदेश महासचिव हितेश कुमार तिवारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें रवाना किया। श्री तिवारी ने कहा कि गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के खिलाड़ी सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं और इस बार भी प्रदेश व विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर माधव मिश्रा उपस्थित रहे और उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रतियोगिता में सफल प्रदर्शन की कामना की।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता, 11 राज्यों के 580 खिलाड़ियों ने लिया भाग



खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला खेल परिसर हॉल सरकंडा में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी राम गोपाल करियारे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षिका डॉ. अर्चना झा एवं खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन के डायरेक्टर रिमझिम गुप्ता, अध्यक्ष टी आर बाबा पात्रे, मास्टर राजकुमार यादव, संरक्षक, महासचिव इंटरनेशनल मास्टर गणेश सागर उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 11 राज्य के 580 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फ्रेशर, पी वी, सब जूनियर, जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर पुरुष, महिला ने भाग लिया। आल ओवर चौंपियनशिप का किताब मध्य प्रदेश राज्य ने जीता, दूसरा स्थान छत्तीसगढ़ रहा, तीसरा स्थान उत्तर प्रदेश, चौथा स्थान ओडिशा राज्य, पांचवा स्थान जम्मू कश्मीर, छठवां स्थान दिल्ली, सातवां स्थान वेस्ट बंगाल और आठवां स्थान गुजरात, नौवा स्थान महाराष्ट्र ने हासिल किया। सभी पदक विजेताओं को अवॉर्ड खेलो ताइक्वांडो यूथ स्पोर्ट्स फेडरेशन का स्टेट हेड को श्लेष रिबन, अवार्ड, मोमेंटो, ब्लेजर, टीम ट्रॉफी, कोचों को ट्रैक सूट और ऑफिसियल को मोमेंटो, टी शर्ट सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं पर बेस्ट फाइटर के रूप में बेस्ट खिलाड़ियों को बेस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन तैनात थी और डॉक्टर की टीम एवं एंबुलेंस मौजूद थे। छत्तीसगढ़ का यह सबसे बड़ा प्रतियोगिता था छत्तीसगढ़ में जितने भी खिलाड़ियों ने मेडल जीता है उस खिलाड़ियों को इंटरनेशनल जाने का मौका मिलेगा। मास्टर गणेश सागर ने बताया कि इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में मुख्य भूमिका आर्गेनाइजर चन्द्र प्रकाश, आशीष यादव, हरि भास्कर, इशू गेंदले, विमल साहू, डीलेश चंद्र, पल्लवी यादव, हर्षिता श्रीवास, गीता बरगाह की अहम भूमिका रही। मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क कैंप भी आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी टीम पूरी तैयारियों के साथ निकलेगी।

## राजवीर ने जीता गोल्ड मेडल



यदुनंदन नगर निवासी एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के क्लास 4th के स्टूडेंट राजवीर शर्मा शहर के होनहार खिलाड़ी है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ ही राजवीर शर्मा ने अपना सलेक्शन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

## श्याम इलेवन को हराकर अमरकंटक इलेवन अगले राउंड में



स्व.ऊषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित अखिल भारतीय रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता श्याम इलेवन की टीम को हराकर अमरकंटक इलेवन की टीम अगले राउंड में प्रवेश कर ली है। प्रतियोगिता का छठवां मैच श्याम इलेवन और अमरकंटक इलेवन के बीच खेला गया। मैच के अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, समाजसेवी विनय शर्मा, राजकुमार तिवारी, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. सुनील केडिया, डॉ.बीआर होतचंदानी थे। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अमरकंटक इलेवन की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 4 विकेट खोकर 124 रन बनाए। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज बालचंद ने धमाकेदार पारी खेलते हुए 24 गेंदों में 60 रन बनाए। श्याम इलेवन के गेंदबाज अनिल और आलोक ने सर्वाधिक 2-2 विकेट अर्जित किए। 125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्याम इलेवन की टीम निर्धारित 10 ओवरों 7 विकेट खोकर 72 रन ही बना सकी। इस प्रकार अमरकंटक इलेवन की टीम ने यह मैच 52 रनों से जीत लिया। अमरकंटक इलेवन के गेंदबाज अमर, आकाश और फैज ने 2-2 विकेट अर्जित किए। अमरकंटक इलेवन के बल्लेबाज बालचंद को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## आर्चरी, एथलेटिक्स एवं तैराकी का चयन ट्रायल 7 जनवरी को

खेलो इंडिया ट्राईबल गेम्स के प्रथम संस्करण की मेजबानी छत्तीसगढ़ राज्य करेगा। जिसमें जिले में कुल 3 खेलों आर्चरी, एथलेटिक्स एवं तैराकी को सम्मिलित किया गया है। आयोजन में राज्य दल की भागीदारी सुनिश्चित करने खिलाड़ियों के चयन विधावार चयन समिति का गठन किया गया है। खेलों इंडिया ट्राईबल गेम्स के लिए आर्चरी, एथलेटिक्स खेल के महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों का चयन ट्रायल स्व बी आर यादव बहतराई में एवं तैराकी खेल के महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों का चयन ट्रायल जिला खेल परिसर स्थित स्वीमिंग पूल सरकण्डा में 7 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों को दी गई दावा आपत्ति की जानकारी


**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण एसईआर 1 जनवरी के संदर्भ में जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के द्वारा बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर दावा आपत्तियों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। राजनैतिक दलों को संचयी एवं बढ़ते क्रम में साप्ताहिक सूची सौंप दी गई है। इसके विवरण के अनुसार फार्म-6 नए निर्वाचक के रूप में नाम शामिल करने के लिए प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या 1037 है। फार्म 7 में विलोपन के लिए प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या शून्य है। फार्म 8 स्थानांतरण और त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त कुल दावा आपत्तियों की संख्या शून्य है। बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी, मार्कसवादी कम्यूनिस्ट पार्टी एवं छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जमुई रेल हादसे ने रोका साउथ बिहार का पहिया

**बिलासपुर।** जमुई में रेल हादसे के कारण अब तक ट्रेन यातायात प्रभावित है, जिसके कारण बिलासपुर, रायपुर होकर दुर्ग आने-जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस का भी पहिया थम गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार आसनसोल मंडल के अंतर्गत लाहाबन–सिमुलतला रेलखंड पर मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण चौथे दिन मंगलवार को भी रेल परिचालन गंभीर रूप से प्रभावित रहा। जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रैक में अवरोध के चलते 31 दिसंबर को चलने वाली कई पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों को रद, परिवर्तित, शार्ट टर्मिनेट अथवा पुनर्निर्धारित किया गया है। 26 ट्रेनें आसनसोल-हावड़ा मंडल व 25 ट्रेनें दानापुर मंडल से परिवर्तित की गईं। 11 ट्रेनें हावड़ा-आसनसोन व एक ट्रेन दानापुर मंडल से रद की गई। मेन लाइन पर परिचालन शुरू नहीं होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें भी शामिल हैं, जिसमें प्रतिदिन दुर्ग से रायपुर और बिलासपुर होकर आरा की ओर आने-जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस के परिचालन पर भी प्रभाव पड़ा है।

### नागरिक सहकारी बैंक में मतदान 4 को

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल के निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचित संचालकों की प्रथम बैठक 10 जनवरी को होगी, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले 26 दिसंबर को कार्यालय में 18 नाम निदेशन पत्र प्राप्त हुए। नियोजन पत्रों की जांच 29 दिसम्बर को की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर थी।








## कोपरा जलाशय में अब नहीं मार पाएंगे मछली, लगा प्रतिबंध

**बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा कोपरा जलाशय को रामसर साईट घोषित करने के बाद भी स्थानीय लोगों के द्वारा गलत तरीके से मछली मारने पर जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है। बांध में मछली मारने के लिए समितियों को दिया गया ठेका काफी पहले ही समाप्त हो चुका था, जिसका एक्सटेंशन भी नहीं किया गया था। अब प्रशासन ने इसमें मछली मारने पर पूरी तरह रोक लगा दी है। रामसर साइट घोषित होने के बाद कोपरा जलाशय में मछली मछली मारने पर जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर मछली पालन विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। ज्ञात हो कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय सरकार द्वारा बिलासपुर शहर के नजदीक कोपरा जलाशय को एक माह पहले रामसर साइट घोषित किया गया है। बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पक्षियों का यह बसेरा है। बांध में प्रातःकाल का नजारा बड़ा लुभावना होता है। मछली मारने पर प्रशासन से प्रतिबंध संबंधी निर्देश के बाद मछलीपालन विभाग ने आसपास के ग्रामों में मछली मारने की मनाही संबंधी सूचना की मुनादी करा दी है। इनमें ग्रामों में प्रमुख रूप से सैदा , बेलमुंडी, कोपरा, सकरा, बुटेना, अमसेना, बहुतराई, पांड़ एवं सरसेनी के सरपंचों को भी इसकी सूचना से अवगत कराया गया है। मुनादी के दौरान सरपंचों को यह भी कहा गया है कि जलाशय में किसी के द्वारा भी यदि मछली मारने का प्रयास किया गया तो इस संबंध में विभाग को सूचित किया जाए, ताकि संबंधितों के खिलाफ पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जा सके।

**खतरा:** इन इलाकों में पीलिया और दूसरी बीमारियां फैल भी चुकीं

# 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक खर्च, इसके बाद भी नालियों के बीच से गुजरी हैं पाइप लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पेयजल योजनाओं पर 10 वर्षों में 400 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च करने के बावजूद न तो शहरवासियों को नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से छुटकारा मिला और न ही योजना चौबीसों घंटों पानी सप्लाई के दावे पर खरा उतरा गया है। हाल यह है कि आज भी शहर की घनी आबादी वाले तालापारा, सरकंडा, तारबाहर, जरहाभाठा, सिविल लाइन थाने के पीछे अंबेडकर नगर में नालियों की बीच से पाइप लाइन गुजरी है। इन इलाकों में पीलिया और दूसरी बीमारियां फैल भी चुकीं हैं। तात्कालिक तौर पर राहत अभियान चलाया जाता है लेकिन बाद में फिर वहीं स्थिति हो जाती है। पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है।

- **संक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता**

गौरतलब है कि शहर में अमृत मिशन योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए खर्च कर 276 किलोमीटर पाइप लाइनें बिछाई गईं हैं। इसी तरह 2007 से 2017 के बीच 81 करोड़ की जल आवर्धन योजना चलाई गई। इसके बावजूद नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों से लोगों को छुटकारा नहीं मिला। डबरीपारा, चांटीडीह, किसानपारा, अशोक विहार, रपटा चौक में पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। इनसे संक्रमण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।



नई लाइन बिछाने के बाद भी नाली के अंदर फूटी पाइप लाइन से हो रही पानी की सप्लाई।



बिछाई गई नई पाइप लाइन।

### 267 स्थानों पर नाले-नालियों से गुजरे पाइप

गौरतलब है कि नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों में डायरिया फैलने पर सर्वे कराया था। इसमें पता चला था कि शहर के 267 स्थानों पर पाइपलाइन नाले, नालियों के बीच से गुजरी हुई है। ऐसे में पाइप लाइन में लीकेज होने पर गंदा पानी सप्लाई होने की आशंका बनी हुई है। तत्कालीन समय में पीएचई और निगम ने संयुक्त सर्वे किया था, तब 59 वार्डों में नाले, नालियों के बीच से गुजरी करीब आठ किलोमीटर पाइप लाइन बदलने की योजना बनाई गई थी। इसके अलावा बारिश के समय में पाइप लाइन में लीकेज से ज्यादा खतरा हो जाता है। जिसके कारण डायरिया के साथ ही पीलिया जैसी बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी शहर में दूषित पानी की समस्या के कारण तालापारा में उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी, तब गंदा पानी पीने से डायरिया फैलने की बात सामने आई थी। उस समय भी शिविर लगाकर बीमार लोगों का उपचार करना पड़ा था।

### अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की लाइन

इधर निगम के कुछ जोन में पाइप लाइन में लीकेज दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा है लेकिन, जंग लगे और फूटे पाइप को बदलने व मेंटेनेंस का काम नहीं हो पाया है। लीकेज दुरुस्त करने वाले कर्मचारियों का कहना है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में दो से तीन योजनाओं की अलग-अलग समय में पाइप लाइन लगाई गई है, जिसके कारण दिक्कतें हो रही है और शिकायत के दौरान सुधार कार्य में भी समस्या होती है।

### दूर की जाएगी कमी

साफ पानी की उपलब्धता की सुनिश्चित करने के लिए ही तो अमृत मिशन योजना लागू की गई थी। इसके तहत शहर भर में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। जिन मोहल्लों में कमी है उसे दूर कर लिया जाएगा।

**– प्रकाश सर्वे,**
निगम कमिश्नर

### 30 साल पहले बदली थी पाइप लाइन

पिछले महीने ही सिविल लाइन थाने के पीछे रहने वाले 60 से अधिक परिवारों के बीच पीलिया फैल गया था। इससे 20 से अधिक बच्चे बीमार हो गए थे। लगातार शिकायतों के बाद अब इस क्षेत्र में पाइप लाइन बदली जा रही है। यहां रहने वाले प्रभाकर राव, मनीषा सिध्द, प्यारी साहू ने बताया कि क्षेत्र में 30 साल पहले पाइप लाइन बदली गई थी जो कि अब नालियों के बीच से गुजरी है। इसी पानी को पीने से अनुष्का सिध्द, लावण्या साहू, विशाल कुमार और दूसरे बच्चे बीमार पड़ गए थे। इसके साथ ही शहर के इमलीपारा, तारबाहर, मगरपारा, बापूनगर, चिंगराजपारा, मधुबन, राजकिशोर नगर, लिंगियाडीह समेत कई वार्डों में पाइप लाइन नाले-नालियों से होकर गुजरी है, जिससे दूषित पानी सप्लाई होने से बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

### दूषित पानी की बात सामने आई

जेपी वर्मा कॉलेज के बगल से मिनी बस्ती का क्षेत्र गुरु घासीदार नगर के अंतर्गत आता है। यहां के लोगों का कहना है कि अधिकांश गलियों की पाइप लाइनें नालियों के बीच से गुजरी हैं। बीच में गंदे पानी की शिकायत आने पर जांच करवाया गया था। इसमें दूषित पानी की बात सामने आई थी। वार्ड में अमृत मिशन की सप्लाई के बावजूद लोगों को 9 ट्यूबवेल से सीधी सप्लाई का सहारा ले पड़ रहा है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 65 संत नामदेव नगर में भी नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइन से गंदा पानी पहुंच रहा है। हालांकि लगातार शिकायत के बाद नाले-नालियों के बीच से गुजरी पाइप लाइनों को बदलने के निर्देश दिए गए हैं।



कर्मचारी से जानकारी लेते निगम कमिश्नर।

## अमृत मिशन प्लांट में आई तकनीकी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में आई तकनीकी खराबी के कारण वार्डों में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पानी की आपूर्ति की जा रही है,जिसका जायजा आज निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने लिया। निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने व्यापार विहार,भारतीय नगर और तालापारा क्षेत्रों का दौरा किया और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत किए जा रहे पानी सप्लाई को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

विदित है कि अमृत मिशन योजना के तहत अशोक नगर-बिरकोना में बनाए गए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 31 दिसंबर की रात को तकनीकी समस्या आ गई,जिसके बाद पानी टंकी में सप्लाई होने वाली व्यवस्था बाधित हो गई है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नगर निगम द्वारा पानी टंकियों को बोर के माध्यम से भरा जा रहा है,इसके अलावा आवश्यकतानुसार टैंकर के माध्यम से भी पानी की व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने जोन और जल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वाटर प्लांट में की समस्या जब तक ठीक नहीं कर ली जाती तब तक पानी की सुचारू आपूर्ति होनी चाहिए। इसके बाद निगम कमिश्नर ने व्यापार विहार मुख्य मार्ग, तालापारा और मगरपारा क्षेत्र में सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया। व्यापार विहार मुख्य मार्ग में जाम नाली को देखकर नाराजगी जताया और नाले में प्लास्टिक वेस्ट को डालने वाले व्यापारियों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम कमिश्नर श्री सर्वे ने सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति पत्रक को देखा और अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन में कटौती के भी निर्देश दिए

- **नाली जाम करने वाले व्यापारियों पर जुर्माने का निर्देश**

### अशोक नगर में अखंड नवधा रामायण 14 से



**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा में 14 जनवरी से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 23 जनवरी को पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा, भंडारा के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति के पवन चंद्राकर ने बताया कि कथा का शुभारंभ 14 जनवरी को कलश यात्रा में 1501 बच्चियां शामिल होंगी। इसमें पं. गौरव जोशी का भजन कार्यक्रम होगा। इसके अलावा माया पंडवानी दुजन बाई का भी कार्यक्रम होगा। आचार्य पं. लक्ष्मी दुबे व पंडा महाराज नंदन दास एवं माधुरी मानिकपुरी होंगी।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया निरस्त

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न रिक्त संविदा पदों पर भर्ती अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दी गई है। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने बताया कि रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए 29 अक्टूबर 2025 को विज्ञापन जारी किया गया था।




## चाकूबाजी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए साल का जश्न मना रहे युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में तोरवा पुलिस ने कार्रवाई की और युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी।

पुलिस के अनुसार सांई मंदिर सिंधी कालोनी निवासी अर्जित विश्वास अपने घर में दोस्तों के साथ नया साल मना रहे थे। इस दौरान आरोपी बलबीर ध्रुव और बलराज ध्रुव आए और रात में जश्न मनाने को लेकर मारपीट करने लगे। इस दौरान बलबीर ध्रुव ने जेब में रखे धारदार हथियार से अर्जित पर वार कर दिया। चाकू से हमला करते हुए पीठ में चाकू गड़ा दिया, लहूलूहान होने के बाद युवक भाग निकले। तोरवा पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अन्य आरोपी फरार है। पुलिस ने मामले में सांई मंदिर के पास तोरवा निवासी 01 बलबीर ध्रुव पिता इद्रांज ध्रुव उम्र 25 साल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले दो गिरफ्तार

कोनी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। इस दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

कोनी क्षेत्र में कई दिनों से असामाजिक गतिविधियों में शामिल दो युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने संभावित विवाद व मारपीट की जैसी घटनाओं को रोकने के लिए धारा 170, 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इस दौरान घुटकू निवासी हीरालाल डोगरे पिता सुख लाल उम्र 33 वर्ष, बड़ी कोनी निवासी मनोज पटेल पिता बाबूलाल उम्र 30 वर्ष पर कार्रवाई की है। दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए रूपए नहीं देने से नाराज युवकों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद मौका पाकर आरोपी युवक भाग निकले थे। शुक्रवार को मस्तूरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अनुसार पकरिया चौक मल्हार निवासी हरिओम सिंह ठाकुर पिता स्व करण सिंह ठाकुर उम्र 45 साल 1 जनवरी की शाम 5.30 बजे हाई स्कुल के पास खड़े थे। इस दौरान उनका भतीजा अमन सिंह एवं अभिजीत सिंह ठाकुर भी साथ थे। इसी दौरान मस्तूरी के ग्राम किरारी निवासी सुमित सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ बाइक पर आया इस दौरान सुमित ने अमन सिंह व अभिजीत सिंह से शराब पीने के लिये रूपए मांगने लगा। इनकार करने पर सुमित व अन्य युवक ने जमकर मारपीट की। इस दौरान सुमित सिंह जेब में रखे बटनदार धारदार चाकू निकालकर अभिजीत को जान से मारने के लिए चाकू लेकर दौड़ा, बीच बचाव करने आये अमन ठाकुर के दाहिने हाथ के अंगूठा के पास चाकू से चोट लगी और खून निकलने लगा। इस दौरान आरोपी युवकों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी सुमित सिंह ठाकुर को पकरिया में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी से बटनदार स्टीलनुमा धारदार चाकू और बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रकरण में अन्य आरोपी अभय सिंह ठाकुर फरार है।



घायल।

